# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025




## आवारा कुत्तों के मामले में 'सुप्रीम' फैसला, मप्र सहित पूरे देश में लागू होगा

# सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं
# विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग उनको खाना खिला सकें

**2024**
**में देशभर में डॉग बाइट्स के 37.15 लाख केस दर्ज**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारैया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे।



### आवारा कुत्तों को पकड़ने से रोका तो होगी कार्रवाई

पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें साफ लिखा होगा कि आवारा कुत्तों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में खाना खिलाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि किसी लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोका जाता है, तो वह इसके लिए उत्तरदायी होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी के सामने आवेदन कर सकते हैं।



खुशी जाहिर कर रहे डॉग लवर्स

### आवारा कुत्तों की भलाई के लिए 2 लाख रुपए जमा करें एनजीओ

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट से संपर्क करने वाले व्यक्तिगत कुत्ता प्रेमियों और गैर सरकारी संगठनों को क्रमशः 25,000 रुपए और 2 लाख रुपए न्यायालय रजिस्ट्री में जमा कराने होंगे। बेंच ने साफ किया कि ये राशि सात दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अन्यथा याचिकाकर्ता या हस्तक्षेपकर्ता को मामले में आगे पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने साफ किया कि इकट्ठा की गई धनराशि का उपयोग आवारा कुत्तों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के निर्माण में किया जाएगा, जिसको जमीन पर लागू करने का काम संबंधित नगर निकायों के तत्वावधान में किया जाएगा।

### फैसले की बड़ी बातें

1 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आक्रामक कुत्तों और रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा।

2 आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना नहीं खिलाया जा सकता। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन क्षेत्र बनाएगा।


3 सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने पर संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी।

4 निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें बताया जाएगा कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा।

5 नगर निकायों की ओर से विशेष रूप से नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे।

### किसने क्या कहा?

#### आवारा कुत्ता आक्रामक है या नहीं? यह कौन तय करेगा



पशु अधिकार कार्यकर्ता और भाजपा नेता मेनका गांधी ने पूछा कि आक्रामक कुत्ते की पहचान कैसे होगी, इसे परिभाषित करने की जरूरत है। मैं इस वैज्ञानिक फैसले से बहुत खुश हूं। शिफ्ट करना और डर होना ही कुत्तों के काटने के मुख्य कारण है।

#### यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन भरा कदम



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत करता हूं। यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण करुणा से भरा और वैज्ञानिक आधार पर टिका हुआ है।

### पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं डॉग लवर्स




लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने पब्लिक फीडिंग बंद कर दी है, हम लोग इन बच्चों को खाना कैसे खिलाएंगे। हम पूरी तरह से खुश नहीं हैं। एनिमल लवर्स का ये भी सवाल है कि इसकी पहचान कैसे होगी कि रेबीज वाले कुत्ते कौन से हैं और कौन से कुत्ते ज्यादा हिंसक हैं। इस हिसाब से तो एमसीडी सभी कुत्तों को उठाकर ले जाएगी। लोगों का कहना है कि अगर हम कुत्तों को खाना नहीं देंगे तो वो आक्रामक हो जाएंगे। आवारा कुत्तों को हर जगह खाना खिलाने की छूट दी जानी चाहिए। डॉग लवर्स ने कहा कि ये अच्छा फैसला है, लेकिन इसके लूपहोल का फायदा उठाया जा सकता है। कई लोग सिर्फ कुत्ते के भौंकने पर एमसीडी में कॉल कर सकते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता और वकील ननिता शर्मा ने भावुक होते हुए कहा, मुझे लगता है कि ये बहुत अच्छा फैसला है। आवारा कुत्तों का खयाल रखना लोकल अथॉरिटीज की ड्यूटी है।






### खबर संक्षेप

#### ओपन एआई का भारत में खुलेगा पहला ऑफिस




**नई दिल्ली।** चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपन एआई अब भारत में अपनी पहली शाखा दिल्ली में खोलने वाला है। ऑफिस सिर्फ कामकाज की शुरुआत नहीं है, बल्कि यहां एआई बनाने, विकसित करने और मिलकर काम करने का एक नया दौर भी शुरू होगा। कंपनी ने भारत में अब लीगल यूनिट भी बना दी है।

#### 3 मजदूरों की मौत ठेकेदार पर एफआईआर



**इंदौर।** स्मार्ट सिटी कॉलोनी में 18 अगस्त को दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत मामले में कॉलोनी के डेवलपर, सुपरवाइजर और ठेकेदार को सुरक्षा उपकरणों की लापरवाही बरतने के मामले में दोषी पाया गया। इसे लेकर राजेंद्र नगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

### मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 कटनी में आज


आयोजन की तैयारी

## विषय विशेषज्ञ व निवेशकों के साथ मुख्यमंत्री की होगी वन-टू-वन चर्चा

» कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे

» निवेशक क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर निवेश नीति से होंगे अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को कटनी मे 'मप्र माइनिंग कॉनक्लेव 2.0' का आयोजन किया जा रहा है। कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र खनन और खनिज संसाधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

■ खनन क्षेत्र के भविष्य को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, अपितु देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### ड्राइवर की जगह खुद गाड़ी चलाने लगा स्कूल संचालक, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र में एक स्कूली जीप में पलट जाने से उसमें एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। यह सड़क हादसा पोहरी-बैराड़ रोड पर शुक्रवार सुबह की सुबह हुआ। बताया जाता है कि प्रथा विद्यापीठ स्कूल बैराड़ की टाटा सूमो वैन अचानक पलट गई। इस स्कूली जीप में करीब 16 बच्चे सवार थे। स्कूली बच्चों से सवार ये जीप अचानक पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक शिक्षिका और 14 से अधिक बच्चे घायल हुए। इनको शिवपुरी जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि हादसे के समय स्कूली जीप का मूल ड्राइवर मौजूद था, लेकिन स्कूल संचालक दीवान जाटव ने स्वयं वाहन चलाया। दीवान की बाइक पंक्चर हो गई थी, जिसके बाद उसने ड्राइवर को हटाकर वैन ड्राइविंग संभाल ली। इस हादसे में घायल बच्चों से मिलने के लिए पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह अस्पताल पहुंचे। हादसे में घायल कार्तिक जाटव की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया। ग्रामीणों की मदद से सभी को बैराड़ अस्पताल पहुंचाया गया।

### लॉर्ड स्वराज ने दुनिया को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी, 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे। लॉर्ड पॉल के पिता बाल्टियों और अन्य कृषि उपकरणों सहित इस्पात के सामान बनाने के लिए एक छोटा सा ढलाईखाना चलाते थे। लॉर्ड पॉल ने इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की जो एक विविध कारोबार इकाई है।






### नए मुख्य सचिव के लिए कवायद तेज

## मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**कोई दूसरे हालात बने तो डॉ. राजौरा को मिलेगी कमान**

मुख्य सचिव अनुराग जैन इसी महीने 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति में महज 8 दिन का समय शेष है। इसी दिन अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया भी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मंत्रालय में उनके फेयरवेल की तैयारी शुरू हो गई। इस बीच विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि जैन को एक्सटेंशन मिलना लगभग तय हो गया है। यदि किसी कारण से एक्सटेंशन आदेश में तकनीकी रूप से कोई दिक्कत आती है, तो इस स्थिति में डॉ. राजेश राजौरा को कमान मिलेगा। इसी दिन आदेश भी जारी हो जाएगा। इसी महीने 11 अगस्त को मुख्य सचिव जैन का जन्मदिन मनाया गया। वे हालांकि पारिवारिक कारणों से मंत्रालय नहीं आए थे। उनके आने के बाद अधिकारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके ठीक दूसरे दिन 12 अगस्त को एसीएस कंसोटिया का जन्मदिन मनाया गया। इस अनुसार दोनों अधिकारी अब 60 वर्ष के हो गए।

किंतु सिविल सेवा नियमों के अनुसार जन्मदिन किसी भी तारीख को होता है, पर सेवानिवृत्ति उसी महीने के आखिरी दिन ही होती है, इसलिए सीएस जैन व एसीएस कंसोटिया 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। 30 व 31 को चूंकि शनिवार व रविवार को अवकाश का दिन है, ऐसे में भावभीनी विदाई 29 अगस्त को ही दे दी जाएगी। माना जा रहा है कि यदि सीएस जैन विदाई नहीं लेते या किसी कारण से उन्हें विदाई नहीं दी जाती, तो उनका एक्सटेंशन तय है। जैन को छह महीने का एक्सटेंशन मिलेगा। इस पर जल्दी ही फैसला हो जाएगा।

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025 इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

# मध्यप्रदेश की खनिज संपदा आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0

खनन क्षेत्र के भविष्य की नई दिशा - क्रमिक । निरंतर । नीतिगत

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

23 अगस्त, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे

द अरिंदम होटल, कटनी, मध्यप्रदेश

"मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री"

### राष्ट्रीय उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान

| | |
|---|---|
| हीरा | एकमात्र उत्पादक प्रदेश |
| तांबा | 73% |
| रॉक फॉस्फेट | 29% |
| मैंगनीज | 26% |
| चूना पत्थर | 9% |
| कोयला | 8% |

### कॉन्क्लेव के फोकस सेक्टर

- **कोयला और ऊर्जा** औद्योगिक विकास व विद्युत उत्पादन का आधार
- **ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन** आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण संसाधन
- **प्रौद्योगिकीय प्रगति** डिजिटल, स्मार्ट और आधुनिक खनन समाधान
- **क्रिटिकल मिनरल्स** भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक आधार
- **चूना पत्थर और सीमेंट** निर्माण और अधोसंरचना विकास की रीढ़
- **खनिज एवं खनिज उत्पाद** आधुनिक खनन तकनीकों और खनन क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर विशेष प्रदर्शनी




D-11087/25

आइए, मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 का हिस्सा बनें और भविष्य के अवसरों से जुड़ें

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

IN PARTNERSHIP WITH Deloitte. CII Confederation of Indian Industry

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव देंगे सौगात

# जबलपुर में 'प्रदेश के सबसे लंबे' फ्लाईओवर का उद्घाटन आज
## इसके नीचे 50 हजार पौधे, बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम व पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में मप्र का सबसे लंबा फ्लाईओवर ब्रिज बनकर तैयार है। 23 अगस्त (शनिवार) को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका लोकार्पण करेंगे। फ्लाईओवर शुरू होने के बाद मदनमहल से दमोह नाका तक की दूरी सात मिनट में ही पूरी हो सकेगी। अभी तक यह दूरी तय करने के लिए 45 मिनट का समय लगता था। इससे समय और ईंधन की बचत होगी, प्रदूषण कम होगा और व्यापार को रफ्तार मिलेगी।



**1052** करोड़ रुपए की लागत

**6.855** किमी लंबा

**192** मीटर लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज खास

◆ मदनमहल से दमोह नाका तक की दूरी 45 मिनट की जगह 7 मिनट में ही पूरी हो सकेगी

**खबर संक्षेप**

### एयर इंडिया फ्लाइट की मुंबई में लैंडिंग



**दिल्ली।** शुक्रवार को मुंबई से जोधपुर के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 645 में कुछ दिक्कत आने के कारण उसे वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान ने जैसे ही उड़ान भरी, उसके बाद परिचालन संबंधी समस्या सामने आई। इसके बाद फ्लाइट को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। कॉकपिट क्रू ने उड़ान को रोकने का फैसला किया और विमान को वापस लैंड कराया।

### पांडुर्णा में 'गोटमार' का आयोजन आज



**छिंदवाड़ा।** परंपरा के नाम पर पांढुर्णा में वर्षों से गोटमार मेला चला आ रहा है। इस बार आयोजन शनिवार के दिन होगा। इस 'खूनी खेल' को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने अपनी व्यवस्था बनाई है तो पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठा लिया है। स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैदी से तैनात कर दिया गया है ताकि घायलों को तत्काल उपचार मिल सके। पांढुर्णा की जाम नदी पर यह आयोजन होता है।

### झगड़े के बाद तीसरी मंजिल से कूदी युवती



**इंदौर।** जिले के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया। प्रेमी से विवाद के बाद खरगोन की रहने वाली एक युवती ने अपने प्रेमी के घर की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गनीमत रही कि नीचे लगे तारों में उलझ जाने के कारण उसकी जान बच गई। हालांकि हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवती की चीख-पुकार और आरोप साफ सुनाई दे रहे हैं।

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज

गृह मंत्री शाह ने सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए आड़े हाथों लिया

# उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन ने 'नक्सलवाद' की मदद की

*शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। शाह ने शुक्रवार को कोच्चि में कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है। केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है। केरल की जनता निश्चित से देखेगी कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में, एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है।

**जस्टिस सुदर्शन** रेड्डी वह व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित



*शाह ने कहा कि यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता*

### बिना नाम लिए नए विधेयक पेश करने के लिए केजरीवाल को ठहराया जिम्मेदार

इस दौरान शाह ने संसद में पेश किए गए तीन नए विधेयकों को लेकर अमित शाह ने कहा कि बीते वक्त में एक ऐसी घटना हुई है, जिसमें एक मुख्यमंत्री ने जेल से सरकार चलाई। ऐसी स्थिति में क्या संविधान में संशोधन नहीं किया जाना चाहिए। उस समय भाजपा की सरकार भी सत्ता में थी, लेकिन हमें ऐसी स्थिति का सामना कभी नहीं करना पड़ा। शाह ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए संकेत दिया कि अगर उस समय दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे दिया होता, तो नये विधेयक पेश नहीं करने पड़ते।

### राहुल गांधी ने फाड़ दिया था बिल

शाह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि 2013 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के द्वारा लाए गए उस बिल की कॉपी को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था, जिसका उद्देश्य अयोग्य ठहराए गए या किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों को राहत प्रदान करना था। शाह ने दावा किया कि उस वक्त मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लालू प्रसाद यादव की मदद के लिए यह अध्यादेश लाया गया था। तब राहुल गांधी ने नैतिकता के नाम पर, कैबिनेट द्वारा अनुमोदित अध्यादेश की प्रति सार्वजनिक रूप से फाड़ दी थी, लेकिन आज वही राहुल गांधी गांधी मैदान में लालू जी को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### क्या था सलवा जुडूम पर 2011 का फैसला?

*दिसंबर 2011 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाए, सलवा जुडूम कहा जाए या किसी और नाम से जान जाए, गैरकानूनी और असांविधानिक है। उन्होंने यह भी आदेश दिया था कि ऐसे आदिवासी युवकों को तुरंत निरस्त्र किया जाए।*

संत को लिखा पत्र और ईमेल भेजा

## मुस्लिम युवक ने की संत प्रेमानंद को किडनी दान करने की पेशकश

**कहा: मैं रहूं या न रहूं संतों का रहना जरूरी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

यहां न्यास कॉलोनी निवासी एक 26 वर्षीय युवक आरिफ खान चिश्ती ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को अपनी किडनी दान करने की इच्छा जताई है। आरिफ ने अपनी इस इच्छा को लेकर एक पत्र और ई-मेल भी भेजा है।

### 6 महीने पहले सुना था प्रवचन

आरिफ ने बताया कि करीब छह महीने पहले उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का एक प्रवचन सुना था। यह प्रवचन प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो के अपने गुरु के प्रति अटूट समर्पण पर आधारित था।प्रवचन के दौरान ही उन्हें यह जानकारी मिली कि महाराज की दोनों किडनियां खराब हैं और उनका डायलिसिस चल रहा है।

नेता प्रतिपक्ष सिंघार का विवादित बयान

## छिंदवाड़ा कलेक्टर संघ का गणवेश पहन लें, वे डरपोक, भाजपा के नौकर

**जो आईएएस पार्टीबाजी करेगा उसे हम बताएंगे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक और विवादित बयान दे डाला। छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को दिए बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने सामने आ गई है। दरअसल, सिंघार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को लेकर कह रहे हैं कि छिंदवाड़ा कलेक्टर डरपोक हैं। भाजपा का गुलाम है। मैंने कहा है कि अगर गुलाम हैं तो वे संघ का गणवेश पहन लें। सिंघार गुरुवार को धार थे।

बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर

## पुलिया पार करते समय दो बहे, एक को बचाया



एसडीआरएफ टीम दूसरे की कर रही तलाश

**श्योपुर।** श्योपुर के कराहल तहसील में बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को पानी के तेज बहाव में नाला पार करते दो दूध बेचने वाले उसमें बह गए। हादसा गोठरा और सरारी गांवों के बीच हुआ, जहां नाले पर एक पुलिया है। जाखदा गांव से 10-15 दूधिया बाइक पर दूध लेने बरीदेह खिरकाई जा रहे थे। रास्ते में जब वे नाले के पास पहुंचे तो पानी बहुत तेज बह रहा था। लेकिन फिर भी दो युवक- मोर सिंह (32) और विपिन रावत (21) से नाले में उतर गए।

प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या

## जबलपुर में नर्मदा किनारे मिले युवक-किशोरी के शव



युवक जबलपुर का और किशोरी महाराष्ट्र की हाथ चुनरी से बंधे मिले

**जबलपुर।** जबलपुर से 25 किलोमीटर दूर गोपालपुर गांव से लगी नर्मदा नदी के किनारे युवक और नाबालिग किशोरी के शव मिले हैं। दोनों के हाथ चुनरी से एक-दूसरे से बंधे हुए थे। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना मिलते ही भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और शव के आसपास तलाशी ली। पुलिस ने शुरुआती जांच में पाया कि मामला प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या का है। दोनों की शिनाख्त हो गई है। युवक जबलपुर का और किशोरी महाराष्ट्र है।

राष्ट्रपति की मिली मंजूरी

## ऑनलाइन गेमिंग बिल बना कानून, उल्लंघन पर होगी जेल



सभी पैसे वाले ऑनलाइन गेम्स और उनके विज्ञापन पर पूरी तरह बैन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेश) बिल 2025' को मंजूरी दे दी है। यह बिल संसद के दोनों सदनों से इस हफ्ते ही पास हुआ था। इस कानून का मकसद ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, लेकिन ऑनलाइन पैसे वाले गेम्स पर पूरी तरह से रोक लगाना है। सरकार का कहना है कि इस कदम से नशे की लत, आर्थिक नुकसान और आत्महत्या जैसे खतरों को रोका जा सकेगा।

मसूद को मिली सुप्रीम कोर्ट से राहत

## एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी की जांच पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि भोपाल के इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज मामले में तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज की जाए और इसकी जांच एसआईटी को सौंपी जाए।




शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

### क्या है पूरा मामला?

खानूगांव में इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज स्थित है। आरिफ मसूद इसकी समिति में सचिव हैं। कॉलेज की मान्यता को लेकर पूर्व विधायक ध्रुवनारायण शुक्ला ने शिकायत की थी, कॉलेज प्रबंधन और समिति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मान्यता ली है। मामले में जांच बाद उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने यह माना था कि सोसाइटी ने कॉलेज संसाधन के लिए फर्जी दस्तावेज के आधार पर एनओसी व मान्यता प्राप्त की थी। इस मामले में एसआईजी जांच के आदेश कोर्ट ने दिए थे।

अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा

## मुकेश अंबानी की मां कोकिला बेन की तबीयत बिगड़ी, एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती



परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में 91 वर्षीय कोकिलाबेन भर्ती हुईं। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल लाया गया। वह रिलायंस समूह के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी हैं। कोकिलाबेन की उम्र को देखते हुए उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। डॉक्टरों ने अभी तक उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें शुक्रवार एयरलिफ्ट किया गया था।

### मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं

*कोकिलाबेन अपने बड़े बेटे मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं। साल 2002 में कोकिलाबेन ने धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद रिलायंस साम्राज्य के विभाजन के लिए अपने बेटों के बीच दरार को पाटने में अहम किरदार निभाया था।*

इस शिकारियों का शिकार कब? नर्मदापुरम में तवा नदी के किनारे मिला बाघ का शव

शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

## बाघ का पंजा काटकर ले गए शिकारी 10 दिन में यह 'दूसरे' बाघ का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में तवा नदी के किनारे एक बाघ का शिकार किया गया। शिकारी टाइगर का पंजा काटकर ले गए। शुक्रवार सुबह वन विकास निगम की जमीन से लगी तवा नदी के बैक वाटर में एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) की गश्ती टीम को शव मिला। मौके पर पहुंची फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि बाघ के एक पैर का पंजा गायब है। बाकी तीन पंजे सुरक्षित मिले हैं। शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जिले में 10 दिन में दूसरे बाघ की मौत है। डिप्टी डायरेक्टर ऋषभा नेताम ने बताया कि तवा नदी के बैक वाटर में बाघ मृत अवस्था में मोटर बोट गश्ती टीम को दिखा। जिस



जगह शव मिला वो वन विकास निगम का क्षेत्र है। वहां से बढ़ चापड़ा गांव नजदीक है। बाघ नदी में कहीं से बहकर आया है या शिकारियों ने उसी जगह फेंका इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचा है। केस दर्ज कर लिया है। गौर हो कि 12 अगस्त को मढ़ई के कोर क्षेत्र में लगदा कैंप के पास एक टाइगर पानी में मृत पाया गया था।

### 6 बाघ व तेंदुए की मौत पर पीसीसीएफ हॉफ ने जताई नाराजगी सख्त एक्शन लेने को कहा

**भोपाल।** मप्र में 20-25 दिनों में ही 6 टाइगर व तेंदुओं की मौत के बाद पीसीसीएफ हॉफ बीएन अंबाड़े ने वाइल्ड लाइफ के सभी अधिकारियों को पत्र लिखकर वन्य जीवों की हत्या पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वन जीवों के संरक्षण के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इसके बाद भी टाइगर रिजव में 5-6 बाघ व तेंदुए की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह लापरवाही सहनीय नहीं है, भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इस पर सख्त एक्शन लें। पीसीसीएफ हॉफ ने दो दिन पहले लिखे अपने पत्र में घटना का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए जवाब-तलब किया है।

## 'एसआईआर' पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# 1.60 लाख से ज्यादा बूथ एजेंट लेकिन आपत्तियां सिर्फ 2

सुप्रीम कोर्टने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से बाहर रह गए लोगों की सहायता करें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन एसआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान आश्चर्य व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से बाहर रह गए लोगों की सहायता करें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस बात पर हैरानी जताई कि बिहार में राजनीतिक दलों के 1.60 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) हैं लेकिन चुनाव आयोग का कहना है कि इस मामले में केवल दो आपत्तियां दर्ज की गई हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए।

### बीएलए को अपनी आपत्तियां रखने की इजाजत नहीं दी जा रही

अदालत ने राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए इस तर्क पर भी गौर किया कि बीएलए को आपत्तियां रखने की इजाजत नहीं दी जा रही है। अदालत ने सभी 12 राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे बीएलए को निर्देश जारी करें कि वे वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए डॉक्यूमेंट्स जमा करने में सहायता करें।

### आधार कार्ड को भी मानना ही होगा



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी।

### 65 लाख लोग आगे नहीं आ रहे

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई।

### अदालत का सिंघवी से सवाल- आप भाजपा की पैरवी कर रहे?



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हंगामा करने वाले दलों के आगे नहीं आने पर आश्चर्य जताया। वकीलों से पूछा कि कौन किस दल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अपनी बात न रखने पर शीर्ष कोर्ट ने सिंघवी से सवाल किया। क्या आप भाजपा की पैरवी कर रहे?

### पात्र लोग सूची से बाहर नहीं हमें समय दिया जाए: आयोग

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आग्रह किया कि आयोग को यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है। राजनीतिक दल शोर मचा रहे हैं, लेकिन स्थिति उतनी खराब नहीं है। हम पर विश्वास रखें और हमें कुछ और समय दें। हम आपको दिखा देंगे कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है।

### मतदाता सूची विवाद पर बोली कांग्रेस

## लोकतंत्र बच गया फैसला स्वागत योग्य

एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यह फैसला लोकतंत्र पर हुए एक कठोर हमले से देश को बचाने वाला है और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह उजागर कर दिया है। कांग्रेस ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को सुरक्षित किया है। चुनाव आयोग ने अब तक बाधा डालने वाली और मतदाताओं के अधिकारों के खिलाफ काम करने वाली भूमिका निभाई थी। लेकिन अब अदालत ने राजनीतिक दलों को भी इस पूरी प्रक्रिया में शामिल करने का रास्ता खोल दिया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस ने सीधे चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चुनाव आयोग पूरी तरह बेनकाब और बदनाम हो चुका है। उसके पीछे के 'जी-2 कठपुतली संचालक' भी पूरी तरह पराजित हो गए हैं। इसी तरह कई दलों ने भी प्रतिक्रिया दी है।

---

## पीएम मोदी ने गयाजी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# दो ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी और औंटा से सिमरिया 6 लेन पुल का लोकार्पण किया

*बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़ की परियोजनाओं को समर्पित किया*



एजेंसी ▶▶ गया

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। राज्य की सभी प्रमुख पार्टियों ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। मुख्य विपक्ष महागठबंधन के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की ओर से पूरे प्रदेश में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए भी हर रोज कोई न कोई ऐलान कर रही है। पीएम मोदी ने बिहार के गयाजी में तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया और इसके साथ ही उन्होंने कई चुनावी समीकरण को भी साधा। पीएम मोदी ने गयाजी में विभिन्न क्षेत्रों के लिए बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेन गया से दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली से कोडरमा (झारखंड) के बीच बौद्ध सर्किट के लिए शुरू की गई। पीएम मोदी बेगूसराय गए, जहां उन्होंने औंटा-सिमरिया 6 लेन पुल का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लंबा रोड शो भी किया।

**बेगूसराय में लंबा रोड शो किया**

### सौगातों के जरिए पूरे मगध को साधने की कोशिश



### अन्य दल लोक कल्याण पर नहीं सोचते

पीएम मोदी ने गयाजी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में परियोजनाओं की शुरुआत से राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य ढांचे में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के मगध क्षेत्र में पक्के मकान दिए गए, हम देश के हर गरीब परिवार को ऐसे आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और उसके सहयोगी बिहार के लोगों को केवल अपना वोट बैंक समझते हैं। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के शासन में बिहार में कोई बड़ी परियोजना पूरी नहीं हुई, वे कभी लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोचते और जेब भरने में लगे रहते हैं।

### पीएम मोदी के मंच पर नजर

विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मोदी के गया दौरे के दौरान नवादा से राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के मंच पर दिखाई दिए। इसके बाद

### तृणमूल पर पीएम का हमला

## बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च किया जा रहा



**कोलकाता।** पीएम बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर रहे। पीएम ने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के 3 नए रूट का शुभारंभ किया और जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मोदी ने कहा कि बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है।

### बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

पीएम ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गए हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक विकास नहीं होगा।

### पीएम मोदी का बेगूसराय में रोड शो

पीएम मोदी बेगुसराय में हैं, जहां वे जनता के बीच रोडशो कर रहे हैं और सड़क के दोनों तरफ जनता से अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं।

### एनडीए सरकार घुसपैठियों को बाहर करेगी

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को तय करने नहीं देंगे। बिहार के युवाओं का भविष्य घुसपैठियों को बर्बाद करने नहीं देंगे। मैंने डेमोग्राफी मिशन की शुरू करने का संकल्प लिया गया है। घुसपैठियों की बढ़ती संख्या देश के लिए चिंता का विषय है। एनडीए सरकार जल्द ही डेमोग्राफी मिशन की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस और राजद जैसे दल बिहार के गरीबों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं।

### यह धरती चंद्रगुप्त-चाणक्य की यहां का संकल्प खाली नहीं जाता

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता। यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैंने भी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प इसी धरती से लिया था। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है।

### राजद-कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे

बिहार के लोगों को राजद और उनके साथ सिर्फ अपना वोट बैंक मानते हैं। उन्हें गरीबों के मान सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे।


---

### कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने गाई संघ की प्रार्थना, सदन हुआ हैरान

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सभी को स्तब्ध कर दिया। दरअसल विधानसभा में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के मामले पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान डीके शिवकुमार ने विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' गाकर सभी को हैरान कर दिया। सत्तापक्ष में इससे हड़कंप मच गया। नेतागण तरह-तरह की बातें करने लगे।



### भाजपा ने शिवकुमार पर लगाए आरोप

शिवकुमार ने यह गीत तब गाया जब भाजपा विधायकों ने शिवकुमार पर चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ को 'बढ़ाने' का आरोप लगाया और उन पर बड़े पैमाने पर उन्माद फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि शिवकुमार बंगलूरु हवाई अड्डे पर आरसीबी टीम के आगमन पर उन्हें लेने गए थे और हवाई अड्डे से चिन्नास्वामी स्टेडियम तक पूरी यात्रा के दौरान कन्नड़ झंडा लहराते रहे।

### हिमाचल में फिर गुटबाजी आई सामने

## सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने जमकर की नारेबाजी

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने शिमला से 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' अभियान की शुरुआत की। इस की लॉन्चिंग कांग्रेस दफ्तर राजीव भवन से हुई, जहां प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम, सभी मंत्री, विधायक और कई बड़े नेता मौजूद थे। इस बीच



कांग्रेस की गुटबाजी फिर से सामने आ गई। दो गुटों ने नारेबाजी शुरू कर दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विक्रमादित्य सिंह के समर्थक आमने-सामने आ गए।

### शक्ति प्रदर्शन में बदल गया कार्यक्रम


यह कार्यक्रम भाजपा सरकार पर हमला बोलने और जनता से जुड़ने के लिए था. 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' के जरिए कांग्रेस यह संदेश देना चाहती थी कि विपक्ष की सरकार लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़कों पर उतरी है, लेकिन मंच से पहले ही कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन शुरू कर दिया।

---

### खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में राजमार्गों पर श्रद्धालुओं का टोल माफ

महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव के उपलक्ष्य पर भक्तों को तोहफा दिया है। सरकार ने ऐलान किया है कि गणेश भक्तों को लेकर कोकण जाने वाले वाहन और राज्य परिवहन की बसों को इस बार टोल टैक्स नहीं देना होगा। यह छूट 23 अगस्त से 8 सितंबर तक लागू रहेगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐलान किया कि टोल माफी मुंबई-बेंगलुरु नेशनल हाईवे, मुंबई-गोवा हाईवे के अलावा पीडब्ल्यूडी और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम की सड़कों पर भी लागू होगी।



### अहंकारी मत बनो, हाईकोर्ट माता-पिता की तरह हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले पर कहा कि हाईकोर्ट्स को न्यायिक अधिकारियों के लिए माता-पिता की तरह काम करना चाहिए। यह टिप्पणी एक महिला जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की है, जिसमें उन्होंने बेटे की शिक्षा का हवाला देते हुए ट्रांसफर की मांग की है। कोर्ट ने कहा कि याचिका सुविधा का नहीं , बल्कि उनके बेटे की शिक्षा की जरूरत से जुड़ा है। झारखंड हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अहंकारी रवैया अपनाने के बजाए महिला जज की याचिका को शालीनता के साथ देखना चाहिए।



### 'वोटर अधिकार यात्रा' पर मुंगेर पहुंचे विपक्ष के नेता

## राजीव गांधी की राह पर चले राहुल खानकाह रहमानी में लगाई हाजिरी

**40 मिनट तक बैठकर बात भी की**

एजेंसी ▶▶ मुंगेर

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर निकले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को मुंगेर में दूसरे दिन खानकाह रहमानी पहुंचे। यहां उन्होंने खानकाह रहमानी की सज्जादानशीन हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी से मुलाकात की तथा संविधान, मतदाता सूची के विशेष ग्रहण पुनरीक्षण तथा मतदाता पंजीकरण आदि पर लगभग 40 मिनट तक बातचीत की। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी,



भाजपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य भी थे। इमारत-ए-सरिया के अमीर-ए-शरियत हजरत मौलाना रहमानी ने बताया कि राहुल के साथ यह चर्चा हुई कि हम संविधान को किस नजरिया से देखें। इसे एक ऐसे दस्तावेज के रूप में देखें, जिसमें सभी का साथ हो।

### भाजपा बोली- जग चुका राष्ट्रवाद

### मौलाना की चाकरी से नहीं मिलती सत्ता

मौलाना की चाकरी करने से किसी को सत्ता नहीं मिलने वाली है। कांग्रेस के अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति को भारतवासी पहचान चुके हैं। देशवासियों के अंदर का राष्ट्रवाद अंगड़ाई ले चुका है। अब देश तुष्टिकरण नीति राष्ट्रवाद की नीति पर चलेगा। यह बातें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सौरभ कुमार ने राहुल की यात्रा पर कही। भाजपा ने कहा कि इस कार्यक्रम के नाम पर शहर में अराजकता का माहौल उत्पन्न किया गया।

### सवाई माधोपुर में बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

## नाव पलटने से 10 डूबे और 7 लोग लापता

एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

राजस्थान के कोटा और सवाई माधोपुर में जोरदार बारिश से बाढ़ आ गई है। कोटा में बचाव के लिए सेना को बुला लिया गया है। उधुर, सवाई माधोपुर में लोगों को बचाने के लिए गई एक नाव पानी में पलट गई। हादसे में नाव में सवार 10 लोग डूब गए, इनमें 7लोग लापता हैं। सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूब गई। जिससे पांच ट्रेन प्रभावित हुई हैं। ज सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव डूब गई हैं। इसमें 10 लोग सवार थे। इनमें से 3 लोगों को बचा लिया गया है। बाकी लापता सात लोगों की तलाश की जा रही है।

**3 लोगों को बचाया, बाढ़ से निपटने कोटा पहुंची सेना**



### कोटा में 4 फीट पानी भर गया

कोटा के सुल्तानपुर में 4-4 फीट तक पानी भर गया। लोग पानी में तैरते नजर आ रहे हैं। दीगोद में बाढ़ प्रभावित इलाके में सेना बुलाई गई है। बूंदी के कई गांवों का भी जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। झालावाड़, कोटा और बूंदी में भी शनिवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

**सवाई माधोपुर में 250 घर**

बारिश से सवाई माधोपुर में एक बार फिर से बाढ़ की स्थिति बनी है। पुराने शहर के पल्ली पार इलाके में घरों में पानी घुस गया। करीब 250 घर जलमग्न हो गए हैं। वहीं, नेशनल हाईवे-552 पर तेज बारिश के कारण पुलिया टूट गई।

### बूंदी में भी कॉलोनियों में भरा पानी

बूंदी के कापरेन कस्बे में लगातार बारिश के चलते कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। शिवनगर में भी बारिश के कारण घरों में पानी आ गया।

### हिमाचल में भूस्खलन से 339 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें ठप हैं। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक एक नेशनल हाईवे सहित 339 सड़कें बंद रहीं। राज्य में 132 बिजली ट्रांसफार्मर और 141 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। मंडी में सबसे अधिक 165 व कुल्लू में 123 सड़कें बाधित हैं। इससे लोग परेशान हैं।

### संघ ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई

## बंगाल में हिंसा क्यों होती है, लोगों को इस पर विचार करना चाहिए

**संघ का कोई संविधान नहीं है, जिसमें 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति का नियम हो**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई। संघ ने कहा कि बंगाल में हिंसा क्यों होती है, लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। संघ ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। संघ के अनुसार भारत में जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि एक समग्र जनसंख्या नीति की जरूरत है, जो सभी भारतीयों पर लागू हो। संघ ने अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। बंगाल में 2018 शाखाएं सक्रिय हैं। संघ ने पश्चिम बंगाल में हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं संरक्षण के कारण होती हैं। उन्होंने लोगों से इस पर विचार करने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरएसएस का कोई संविधान नहीं है।

**संघ ने अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा**



### संपर्क भाषा एक हो सकती है लेकिन राष्ट्रीय भाषाएं अनेक

आरएसएस का यह भी मानना है कि सभी को स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार है, लेकिन देश के प्रति निष्ठा पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि न तो भारत में गैर-हिंदुओं को प्रताड़ित किया जाना चाहिए और न ही बांग्लादेश में हिंदुओं को। वहीं, भाषा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संपर्क भाषा एक हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय भाषाएं अनेक हो सकती हैं। उन्होंने बंगाल में 'राजधर्म' की कमी पर असंतोष जताया और कहा कि वे ममता बेनर्जी की सरकार से खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें एक-दूसरे की दुश्मन नहीं हैं। हम कांग्रेस के साथ भी नीतिगत मुद्दों पर चर्चा करते थे। हम प्रणब दा से भी बात करते थे।

### सीएम रेखा के कार्यक्रम में फिर हंगामा

## गांधीनगर में की गई नारेबाजी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है।



जनसुनवाई में मुख्यमंत्री पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

स्मार्ट सिटी अस्पताल का काला सच, सजायाफ्ता डायरेक्टर डॉ. खरे के फर्जीवाड़ों की फेहरिस्त लंबी

# फर्जी एमएलसी, परिवाद और नेताओं की आड़ में दबंगई का खेल

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में धंधेबाजी करने वाले स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के संचालक और डायरेक्टर डॉ. अमित खरे पर लगातार नए-नए काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। हाल ही में एम्बुलेंस चालक पर हमले के मामले में उसका नाम सामने आया, तो पुलिस रिकॉर्ड ने बड़ा खुलासा किया कि खरे पहले से ही सजायाफ्ता है। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं होता उसकी करतूतों का सिलसिला लंबा है।




## दमोह का फर्जी एमएलसी कांड

नवंबर 2021 में खरे का नाम एक ऐसे घोटाले में सामने आया जिसने पूरे प्रदेश की मेडिकल ईमानदारी पर सवाल खड़े कर दिए। दमोह के एक मरीज को स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में भर्ती दिखाया गया और उसके नाम पर जेल अस्पताल के डॉक्टर के हवाले से फर्जी एमएलसी रिपोर्ट तैयार कर दी गई। जबकि असलियत यह थी कि संबंधित डॉक्टर का इस रिपोर्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था। इस खुलासे के बाद दमोह और जबलपुर पुलिस हरकत में आई और खरे को नोटिस थमाया गया।

## न्यायालय तक पहुंची शिकायतें

इतना ही नहीं, सतना निवासी डॉ. लक्ष्मण शाह ने भी खरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय में परिवाद दायर किया है। यह स्पष्ट संकेत है कि खरे के खिलाफ शिकायतों की फेहरिस्त केवल पुलिस फाइलों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब अदालत की चौखट तक पहुंच चुकी है।

## नेताओं का नाम उछालकर बनाता था दबाव

डॉ. अमित खरे का असली हथियार उसका राजनीतिक रसूख है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को चमकाने के लिए वह खुद को भाजपा नेता बताने से भी नहीं चूकता। कभी खुद को पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का करीबी बताता है तो कभी पूर्व मंत्री संजय पाठक की नजदीकियों का हवाला देकर दबाव बनाने की कोशिश करता है। यही वजह है कि उसके खिलाफ बार-बार गंभीर आरोप सामने आने के बावजूद कार्रवाई की रफ्तार थमती नजर आती है।

## प्रशासन और सरकार की अग्निपरीक्षा

मरीजों की जिंदगी को सौदेबाजी का औजार बना चुके इस अस्पताल संचालक पर अब तक ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की नाकामी को उजागर करता है। सवाल साफ है क्या प्रदेश की सरकार वाकई स्वास्थ्य माफियाओं पर नकेल कसने का साहस दिखाएगी या फिर राजनीतिक छत्रछाया में पल रहे ऐसे सफेदपोश माफिया को खुली छूट मिलती रहेगी?



# एफबी पर विवादित पोस्ट से भड़का सिख समाज

**जबलपुर।** जबलपुर सिक्ख संगत द्वारा संज्ञान लेते हुए टेक्नोलॉजी द्वारा सिक्खो के धार्मिक स्थल श्री दरबार साहिब अमृतसर को खंडित करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया एफबी में पोस्ट करने पर अपने सिक्ख समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विरोध दर्ज करवाते हुए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने एक ज्ञापन पुलिस महानिरीक्षक (जबलपुर जोन)को सोपा, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इस विषय मे तुरंत कार्यवाही के निर्देश देते हुए सिक्ख समाज के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द दोषीयो को पकड़ उन पर उचित कार्यवाही की जाएगी

इस प्रतिनिधि मंडल में हरेन्द्रजीत बब्बू जी,परमजीत सिंह भंगू ,दलवीर सिंह जस्सल ,प्रदीप सिंह सूच , अजीत सिंह नैय्यर सीटू , हरमिंदर सिंह सैनी , दिलबाग सिंह फ़लोरा जी, हरदेव सिंह पांधे , रंजीत सिंह बरार ,रंजीत सिंह गूगली , रणधीर सिंह बिट्टू ,जतिंदर सिंह टीटू , मनिंदर सिंह मुक्कर, हरविंदर सिंह गोलू ,गुरविंदर सिंह साहिब आदि सभी ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन दे रोष व्यक्त किया।



## फ्लाई ओव्हर लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने महानद्दा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। फ्लाई ओव्हर के लोकार्पण कार्यक्रम की सभी तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेने आईजी प्रमोद कुमार वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम के हर एक पहलुओं पर चर्चा कर समय पूर्व आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

# फ्लाई ओवर की सौगात से पहले अंधेरे में डूबा शहर

शुक्रवार रात ढाई घंटे तक गुल रही बिजली, शिकायतों पर जिम्मेदारों ने बंद किए फोन

**हरिभूमि, जबलपुर।** संस्कारधानी को जहां शनिवार को फ्लाईओवर के लोकार्पण की बड़ी सौगात मिलने जा रही है, वहीं इसके उलट शुक्रवार देर रात शहर के वही इलाके अंधेरे में डूबे रहे जिनसे होकर यह फ्लाईओवर गुजरता है। रात 10 बजे से लेकर समाचार लिखे जाने तक (करीब 1.30 बजे) तक बिजली सप्लाई ठप रही।

## 1912 नाम की रह गई

इस दौरान परेशान उपभोक्ताओं ने लगातार बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन तकनीकी कारण बताकर शिकायतों को निपटा दिया गया। हालात यह रहे कि दर्जनों कॉल्स के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका और क्षेत्रवासी अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर हो गए।

## एसई का नहीं उठा फोन

सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि सिटी इंजीनियर (एसई) अरोरा को उपभोक्ताओं ने फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव करना जरूरी नहीं समझा। नतीजतन, फ्लाईओवर के लोकार्पण से ठीक पहले बिजली व्यवस्था की पोल खुल गई।

## सौगात का क्या औचित्य

लोगों का कहना है कि जब शहर का सबसे व्यस्त क्षेत्र ही घंटों अंधेरे में डूबा रहेगा और जिम्मेदारों से संपर्क भी नहीं हो पाएगा तो फ्लाईओवर जैसी बड़ी सौगात का क्या औचित्य रह जाएगा। यह सवाल अब सीधे तौर पर बिजली कंपनी के अफसरों पर उठ रहे हैं।

# आदिवासी छात्रावास में बीमार बच्चे की मौत

हरदुलीकलां पहुँची जिला प्रशासन की टीम, बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**जबलपुर।** जिले के विकासखण्ड कुड़ेश्वरधाम के अंतर्गत हरदुलीकलॉ स्थित शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के चौदह वर्षीय छात्र राजकुमार धुर्वे की मृत्यु की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुँचकर हालात का जायजा लिया। टीम में शामिल चिकित्सकों द्वारा छात्रावास में रह रहे सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है।

स्वास्थ्य परीक्षण में छात्रावास के सभी बच्चे स्वस्थ्य पाये गये हैं। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुये है तथा सतर्कता के तौर पर सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि हरदुली कलां स्थित शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के चौदह बच्चों को 20 अगस्त की सुबह सर्दी-खांसी की शिकायत हुई थी। इन चौदह बच्चों में से तीन बच्चों को पेट दर्द एवं बुखार की शिकायत भी थी। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर इन सभी बच्चों का प्रारंभिक उपचार करवाया गये और देखभाल के लिये उन्हें घर भिजवा दिया गया था।

छात्रावास से घर भेजे गये इन बच्चों में से ग्राम बिलटुकरी निवासी 14 वर्षीय राजकुमार धुर्वे पिता जानू सिंह धुर्वे की 21 अगस्त को तबियत खराब होने पर उसके परिजनों द्वारा कुण्डेश्वरधाम स्थित शासकीय अस्पताल लाया गया। जहाँ से इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल के लिये रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बताया कि छात्र राजकुमार धुर्वे की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड के नेतृत्व में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की टीम भेजकर हरदुलीकलां छात्रावास में सभी 22 बच्चों का स्वास्थ्य करवाया गया। टीम के साथ गये चिकित्सा दल द्वारा किये गये स्वास्थ्य परीक्षण में ये सभी बच्चे स्वस्थ्य पाये गये।कलेक्टर ने बताया कि 20 अगस्त को बामार होने पर प्रारंभिक उपचार के बाद घर भेजे गये चौदह बच्चों में से दो बच्चे वापस छात्रावास आ ग

ये हैं और ये दोनों पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। शेष 11 बच्चों से दूरभाष पर संपर्क किये जाने पर उनका स्वास्थ्य भी बेहतर बताया गया है। इसके बावजूद चिकित्सा दलों को उनके घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। आवश्यकता होने पर इन बच्चों को उपचार के लिये जिला अस्पताल शिफ्ट किया जायेगा। शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास हरदुलीकलां में 46 बच्चे पंजीकृत हैं। छात्रावास में 20 अगस्त की स्थिति में 33 बच्चे निवासरत थे।

## मजदूर के साथ बदमाश ने की मारपीट

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत कंकाली मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर एक बदमाश ने एक मजदूर के साथ मारपीट कर सिर व हाथ में चोटें पहुंचा दी। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मल्लाहनपुरा निवासी 21 वर्षीय मजदूर कुंदन मल्लाह गत रात लगभग 9.30 बजे कंकाली मंदिर के पास खड़ा था तभी कंकाली मोहल्ला निवासी मोंटी चौहान उसके साथ गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 300 रूपये की मांग करने लगा, रुपये देने से मना करने पर मारपीट कर सिर एवं हाथ में चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351, बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जुआ के फड़ पर छापा

गौरीघाट पुलिस ने ग्राम छिवला में बिजली खंबे के नीचे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 7 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी 7 हजार रुपए जब्त किए है। गौरीघाट थाना प्रभारी सुभाषचंद बघेल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम छिवला में बिजली के खंबे के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे सतीष अहिरवार, अभिषेक श्रीवास्तव, अमन विश्वकर्मा, संदीप जाट, देवेन्द्र कुमार सोनकर, निलेश पौआनी, संतोष यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 7 हजार रूपये जब्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

हाईकोर्ट का अहम फैसला

# विलक्षण प्रतिभा वाले ग्यारह वर्षीय बालक को नौवीं कक्षा में प्रवेश देने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में विलक्षण प्रतिभा वाले ग्यारह वर्षीय बालक को नौवीं कक्षा में प्रवेश देने के निर्देश दिए । जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सीबीएसई के चेयरमैन व सेंट कॉन्वेंट स्कूल रांझी के प्राचार्य को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता छात्र को प्रोविशनल प्रवेश दें। कोर्ट ने कहा कि बालक के समग्र प्रदर्शन को देखते हुए सीबीएसई चेयरमैन कक्षा नौ में उसके प्रवेश के संबंध में अंतिम निर्णय लेंगे। जबलपुर निवासी छात्र आरव सिंह पटेल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व हितेंद्र गोल्हानी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि छात्र का जन्म 19 मार्च 2014 को हुआ था। कक्षा 1 से 8 वीं तक का मेरिटोरियस रिकॉर्ड रहा है। आरव की विलक्षण बुद्धि को देखते हुए उनके माता पिता ने सीबीएसई द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयुसीमा से कम की उम्र में ही सेंट कान्वेंट स्कूल रांझी में प्रवेश दिला दिया। कम उम्र होने के बावजूद आरव ने आठवी तक सभी कक्षाओं में सभी विषयों में ए श्रेणी में उत्तीर्ण की। लेकिन , कम आयु के चलते उसे नौवीं कक्षा में प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। सीबीएसई के अधिकारियों से आवेदन देकर अनुमति मांगी गई। राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।सुनवाई के बाद कोर्ट ने छात्र को 9 वीं में प्रवेश देने को कहा। कहा कि बालक की दिन प्रतिदिन की गतिविधियों पर स्कूल प्राचार्य नजर रखेंगे।कोर्ट ने कहा कि तीन विशेषज्ञों के मेडिकल बोर्ड का गठन की जाए, जिसमें मनोचिकित्सक और एक परामर्शदाता शामिल रहे। बालक उक्त बोर्ड के समक्ष उपस्थित होगा, ताकि उसके आईक्यू स्तर का मूल्यांकन किया जा सके। इसकी रिपोर्ट सीबीएसई चेयरमैन को दी जाएगी।



# उस्मानी दवाखाना को किया सील

जबलपुर।

बिना डिग्री के ईलाज करने पर क्लीनिक को किया सील

जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने शुक्रवार को सिहोरा अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खितौला के वार्ड नंबर 12 मेवसंचालित उस्मानी दवाखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर डॉ फिरोज खान उपस्थित नहीं पाये गये। क्लीनिक में कुशल कुशवाहा उपस्थित पाये गये। निरीक्षण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा एवं जगभान सिंह, बीएमओ सिहोरा श्रीमती अर्शिया खान एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। स्थानीय व्यक्ति भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे। पंजीयन नहीं पाये जाने के कारण दवाखाना को सील कर दिया गया है।

अनुभागीय राजस्व अधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में पनागर स्थित विश्वास आयुर्वेदिक क्लीनिक का राजस्व तथा पुलिस दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में पंकज विश्वास प्रेक्टिस करते पाये गये, लेकिन उनके पास ऐलोपैथिक संबंधी कोई डिग्री नहीं पाई गई। क्लीनिक में ऐलोपैथिक दवाईयों के साथ आयुर्वेदिक दवाईयां भी पाई गई। क्लीनिक में अनियमितता पाये जाने पर क्लीनिक को सील कर ऐलोपैथिक दवाइयां जब्त की गई।

# 8 कालोनाईजरों के विरूद्ध दर्ज होगी एफ.आई.आर

**जबलपुर।** नगरीय निकाय सीमा में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाईजरों पर लगातार नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले 8 कॉलोनाईजरों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने बड़ी कार्रवाई की गयी है। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी एवं कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि मौजा गुरैया खसरा नं. 152 रकबा 3080 वर्गमीटर की भूमि पर पारस रेसीडेन्सी पार्टनर पारस कुशवाहा पिता स्व. नर्मदा कुशवाहा निवासी 345, अमखेरा रोड़, जबलपुर, मौजा अमखेरा खसरा नं. 193 की भूमि पर मेसर्स राधा कृष्ण एसोसिएट्स पार्टनर राकेश कुमार अहिरवार पिता किशन लाल अहिरवार, पता 1094 न्यू कॉलोनी चेरीताल वार्ड दमोहनाका जबलपुर, शुभम यादव तिपा नेमचंद यादव पता परियट मार्ग गाँव जटवा सरसवां जबलपुर, अब्दुल इमरान पिता अब्दुल कलाम पता 1039-1040 बहोराबाग, पसियाना जबलपुर भूमि स्वामी एवं विकासकर्ता बबलू गुप्ता, मौजा कुदवारी नं.बं. 506 प.ह.नं. 80 खसरा नं. 95, 96 की भूमि पर मोहम्मद हामिद हसन पिता स्व. मोहम्मद रशीद निवासी म.नं. 630 संजीवन हॉस्पिटल खालिद अपार्टमेंट के पीछे राम नगर गोहलपुर जबलपुर, मौजा रिमझा खसरा नं. 79 एवं 40/1 की भूमि पर देवेन्द्र कुमार सोनी पिता एच.एन. सोनी, मानव देवेन्द्र सोनी पिता देवेन्द्र कुमार सोनी, विकास सोनी शुभ डेवलपर्स होम्स पता कटंगी रोड कृष्णा सिटठी के सामने सेण्ड एलॉयसिस स्कूल के पीछे रिमझा जबलपुर, मौजा गुरैया प.ह.नं. 24 खसरा नं. 164/3 रकबा 0.218 हेक्टेयर की भूमि मोहम्मद अकरम, मोहम्मद कलाम दोनो के पिता हाजी अब्दुल हमीद निवासी गुरैया जबलपुर एवं निशांत ठाकुर पिता नरेन्द्र सिंह निवासी गोरैया जबलपुर, मौजा महाराजपुर खसरा नं. 13/1 की भूमि पर सजय कुमार, हेमंत कुमार एवं श्रीमती सरोज श्याम गुड्डी महाराजपुर, मौजा पिपरिया 187 प.ह.नं. 58/14 खसरा नं. 61/63 की भूमि पर अशोक यादव पिता स्व. मिट्ठूलाल यादव एवं रमेश खत्री पिता छत्ताराम खत्री दोनो निवासी ग्राम पिपरिया थाना खमरिया तहसील राँझी, मौजा गुरदा नं.बं. 600 प.ह.नं. 24/81 खसरा नं. 176/1 रकबा 0.560 हेक्टेयर 176/2 रकबा 0.420 हेक्टेयर 176/3 रकबा 0.240 हेक्टेयर की भूमि पर मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल अजीज पता म.नं. 388, अनवरगंज मस्जिद के बाजू में हनुमानताल खैरमाई वार्ड जबलपुर, राजेश कुमार सिंगौर पिता रमेश प्रसाद सिंगौर पता म.नं. 327 पटैल नगर महाराजपुर जबलपुर, निशांत साहू पिता महेश साहू पता नमा कॉलोनी एम.जी.एस.आई.आर.डी. स्वीटी मैरिज हॉल के पास अधारताल जबलपुर के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्मित होना पाया गया, जिनके विरूद्ध विभिन्न थानों में एफ.आई.आर. दर्ज कराने कार्रवाई की गयी है। अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी एवं कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि 8 कॉलोनाईजरों के द्वारा विकसित की गई कॉलोनियों में अनियमित्ताएँ पाई गयी जिसमें संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से अभिन्यास अनुमोदित नहीं कराया गया, मध्यप्रदेश नगर पालिक कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप कॉलोनाईजर लायसेंस एवं कॉलोनी की विकास अनुमति प्राप्त किये बगैर कॉलोनी विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि कॉलोनाईजरों द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिक कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिसके संबंध में कॉलोनाईजरों को समय-समय पर नोटिस भी जारी किये गए, परन्तु कॉलोनाईजरों के द्वारा नोटिस का कोई जबाव नहीं दिया गया और न ही कॉलोनी की स्वीकृति के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत किये गए। आठों कॉलोनी निर्माताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ''ग'' के तहत एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

## कट्टा कारतूस सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** सिविल लाईन और भेड़ाघाट पुलिस ने गत देर रात कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 देशी पिस्टल, 1 कट्टा, 5 कारतूस और एक्टिवा जब्त की है। सिविल लाईन थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने बताया कि देर रात मुखबिर की सूचना पर बीएसएनएल बिल्डिंग के सामने ट्रांसफार्मर के नीचे एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस जे 8786 में देशी पिस्टल लेकर खड़े अहमद नगर थाना कुटला जिला कटनी निवासी 20 वर्षीय मोह.दानिश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 देशी पिस्टल, 3 कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त किए है।इसी तरह भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर हरे कृष्ण आश्रम के आगे पुल के पास सरस्वती घाट में गड़र पिपरिया निवासी 18 वर्षीय साहिल चड़ार को गिरफ्तार कर उसके कबजे से एक देशी कट्टा एवं दो कारतूस जब्त किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।

### कार्यवाही के लिये किसान संघ ने लिखा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र

# किसानों के फर्जी सिकमीनामा लगाकर करोड़ों का मूंग घोटाला

हरिभूमि जबलपुर।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई मूंग खरीदी में बड़ा घोटाला सामने आया है। शहपुरा तहसील के पथरिया गांव के 55 किसानों की जमीन फर्जी सिकमीनामे के आधार पर मूंग का पंजीयन करा, मूंग बेंचना दिखाकर एमएलटी वेयरहाउस खरीदी केंद्र से करोड़ों का भुगतान करा लिया गया। वास्तविक किसानों ने सामने आकर बताया कि बिना मूंग तुले ही इन पंजीयनों में संबंधितों को भुगतान किया गया है।

भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटैल व संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटैल ने आरोप लगाया कि फर्जी सिकमीनामों से मूंग का पंजीयन बिना शासकीय अधिकारियों की मिलीभगत से संभव नहीं है क्योंकि सिकमीनामा बनने के बाद पंजीयन के समय शासकीय अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी आदि द्वारा वेरीफिकेशन किया जाता है। किसान संघ ने मांग की है कि जिला प्रशासन खरीदी में शामिल सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, आपरेटर व सर्वेयर और दोषी अन्य अधिकारियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करे। यदि कार्यवाही नहीं की जायेगी तो भारतीय किसान संघ जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन करेगा।



### कैसे खुला मूंग खरीदी का घोटाला

जबलपुर जिले से 50 किलोमीटर दूर स्थित गांव पथरिया के किसान महेन्द्र अवस्थी ने बताया कि जब गांव के किसान खाद लेने शहपुरा स्थित डबल लॉक में गये तो कर्मचारियों ने बताया कि आपकी जमीन की खाद तो सिकमीनामे के आधार पर कोई और ले जा चुका है। गांव के किसानों ने बताया कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति को अपनी जमीन सिकमी पर नहीं दी है। जब किसानों ने अपने मूंग के ऑनलाईन पंजीयन की जांच की तो पता चला कि पथरिया गांव के 55 से अधिक किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन के फर्जी सिकमीनामे बनाकर मूंग का पंजीयन करा लिया गया है।

### एमएसपी पर फसल खरीदी का अधिकार छिना

किसानों का कहना है कि फर्जी सिकमीनामे के आधार पर हमारा एमएसपी पर फसल बेचने के अधिकार को छीना जा रहा है। जिन किसानों ने अपने खेतों में मूंग लगाई थी उन्हें कम दाम पर बाजार में बेचना पड़ी है। यदि ये फर्जी सिकमीनामें रद्द नहीं किये गये तो किसान आगे अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेंच पायेंगे।

### किसानों ने एसडीएम व बेलखेड़ा थाने में लगाई फरियाद

पथरिया गांव के किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में फर्जी सिकमीनामे के आधार पर एमएलटी वेयरहाउस में मूंग खरीदी में हुये घोटाले की लिखित शिकायत अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा व बेलखेड़ा थाने में की है। जिसका संतोषजनक आश्वासन किसानों को नहीं मिलने से किसान जिला कलेक्टर कार्यालय आकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

### किसान संघ ने भेजी शिकायत

किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने बताया कि केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद ही एमएसपी पर मूंग खरीदी मध्यप्रदेश में प्रारंभ की गई थी। इसलिये एमएलटी वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति बसेंड़ी द्वारा मूंग खरीदी में किये करोड़ों के मूंग घोटाले की शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग गई है।

# गणेशोत्सव को लेकर पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि सिहोरा।



पुलिस थाना सिहोरा में विभिन्न त्यौहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने में नागरिकों के सहयोग एंव सुझाव हेतु शांति समिति की बैठक का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आई पी एस आदित्य सिंघानिया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा, सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह,राकेश पांडे आदि की उपस्थिति में किया गया।जिसमें दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व,पयूर्षण पर्व सहित अन्य त्यौहारों के संबंध में चर्चा हुई। उपस्थित गणमान्य नागरिकों,गणेश समितियों के सदस्यों ने अपने सुझाव भी रखे जिसमें नगर की यातायात व्यवस्था,विद्युत कटौती,कानून व्यवस्था,साफ सफाई,सड़क में खुले पड़े गड्ढे भरने,रेलवे फाटक के गड्ढे भरने,सड़क दुर्घटना का कारण बन रहे आवारा जानवरों सहित अनेक विषयों पर चर्चा की। एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके ने नागरिकों,गणेश पंडालों के सदस्यों से पर्व पर प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा की तथा त्यौहार सभी से मिलजुलकर मनाने की बात कही वहीं आईपीएस एसडीओपी ने कहा की सभी गणेश समितियां में वालेंटियर रखें जो हर जानकारी पुलिस को उपलब्ध करा सके ,रात में दस बजे के बाद डीजे न बजाये और दिन में भी धीमी आवाज में बजायें जिससे दुसरे को परेशानी न हो तथा सड़क पर प्रतिमा न रखें और पंडाल भी ऐसे बनाये जो यातायात को बाधित न करें। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए कुछ ने 5 तो कुछ समितियों ने 6 सितम्बर को करने की बात कही है। इस अवसर पर पार्षद राजेश चौबे,बिहारी पटेल ब्लाक अध्यक्ष,बिनोद खत्री,जितेन्द्र श्रीवास्तव,विनय असाटी,शिशिर पांडे,अभिषेक परौहा,आशीष सरदार,राहुल श्रीवास्तव, बनवारी गुप्ता,सरपंच संतोष राय,गजेन्द्र खम्परिया,संतोष कुमार पटेल,सुप्पी बर्मन,संजय लटोरी गुप्ता,मुकेश सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक पत्रकार उपस्थित थे।

## अरुण जैन बने प्रदेश महामंत्री

**सिहोरा।** जैन राजनीतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष जैन दादू द्वारा नगर के समाजसेवी सकल जैन समाज के पदाधिकारी अरुण जैन को जैन राजनीतिक चेतना मंच का प्रदेश महासचिव महामंत्री अतिरिक्त नियुक्त किया गया है। यह मंच एक विशिष्ट सामाजिक संगठन है जो जैन समाज की राजनीतिक,सामाजिक और आर्थिक उन्नति के लिए कार्यरत है। मंच का मुख्य उद्देश्य समाज में राजनीतिक जागरूकता बढ़ाना नेतृत्व क्षमता विकसित करना और समाज के व्यापक हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इनकी नियुक्ति पर सभी समाजिक,सांस्कृतिक संगठनों के प्रमुखों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर, पुलिस कप्तान की अपील

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाए त्यौहार



हरिभूमि, जबलपुर।

गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नवी और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला शांति समिति की बैठक शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने की। इस दौरान समिति के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने त्यौहारों पर सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

### साफ-सफाई व सुरक्षा पर विशेष चर्चा

बैठक में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, जुलूस मार्गों पर बैरिकेटिंग, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने आवारा पशुओं को हटाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने जैसे व्यावहारिक सुझाव भी दिए।

### प्रशासन का भरोसा

कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि त्योहार सबके होते हैं, सभी धर्म और समाज के लोग परिवार सहित उत्सवों में शामिल हों, इसके लिए प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करेगा। उन्होंने 18 सितम्बर को राजा शंकरशाह-कुंवर रघुनाथशाह बलिदान दिवस की तैयारियों का भी भरोसा दिलाया।

### पुलिस का कड़ा संदेश

कप्तान उपाध्याय ने स्पष्ट कहा कि अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। थाना स्तर पर बैठकें कर तैयारी सुनिश्चित की जाएगी और संदिग्ध व विघ्नसंतोषी तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो तत्काल प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, एएसपी आनंद कलादगी समेत सभी एसडीएम, जनप्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**सिहोरा।** मानदेय को पोषण ट्रेकर सम्पर्क एप से न जोडने एंव सम्पर्क एप बंद करने,3 से 6 वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूल में प्रवेश के आदेश को निरस्त किए जाने सहित अनेक मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिहोरा महिला बाल विकास अधिकारी को सिहोरा क्षेत्र की अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि केन्द्र सरकार के पोषण ट्रेकर एप से पूरे देश में कार्य किया जा रहा है इसमें आईसीडीएस संबंधी सर्वे से लेकर सभी 11 रजिस्टरों का कार्य कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश में अलग से वहीं काम सम्पर्क एप में लिया जा रहा है जो पोषण ट्रेकर एप में भी लिया जा रहा है ।इस तरह आंगनबाड़ी कर्मियों को वही कार्य दो एप में करना पड़ रहा है इससे एक ही कार्य की पुनरावर्ती होने के साथ अनेक समस्या पैदा हो रही है पोषण ट्रेकर एप तो खुल जाता है पर दुसरा एप खोलने में दो तीन घंटे लग जाते है और ऐसी स्थिति में तीन चार किलोमीटर दूर जाकर ऊंचे स्थान पर ही नेटवर्क मिलते हैं । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काम तो पूरा कर रहीं पर इस तरह की परेशानी आने से उनके काम की गणना नहीं होती है और उनके मानदेय की कटौती कर ली जाती है एप के सुबह प्रारम्भ होने से रात दस बजे बंद होने तक कार्यकर्ता प्रयास करती है कि उनका कार्य एप में दिखे पर ऐसा नहीं होता है। सरकार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परेशानी को समझना चाहिए और इसका निदान करना चाहिए। अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब वे महिला बाल अधिकारी के पास ज्ञापन देने कार्यालय पहुंची तो उनका ब्यौहार कार्यकर्ताओं के प्रति ऐसा था जैसे वे पूरा कार्यालय अपनी मन मर्जी से चलाना चाह रही हो जबकि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है और ज्ञापन देने की सूचना भी उन्हें पूर्व में संघ द्वारा दे दी गई थी फिर भी उनका ऐसा रवैया समझ से परे था।इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष निशा नामदेव,नीता सिंह बघेल महासचिव,अनीता दाहिया,ममता पटेल,नर्मदा परस्ते,सुषमा कुशवाहा, माया वंशकार,प्रभा मिश्रा,सीमा,ललिता पटेल,मंजू कुर्मी,सुनीता तिवारी,वंदना तिवारी सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

# पीड़ित को न्याय, दोषियों पर करो कार्रवाई

▸ पुलिस कप्तान ने किया तिलवारा थाने का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने शुक्रवार 22 अगस्त को थाना तिलवारा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान टीआई बृजेश मिश्रा सहित पुलिस अमला मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मालखाने का जायजा लेकर जप्ती माल, हथियार-गोलाबारूद और राईट ड्रिल सामग्री की स्थिति देखी। हवालात का निरीक्षण करने के साथ ही थाने में संधारित किए जा रहे रजिस्टरों को भी परखा और निर्देश दिए कि सभी अभिलेख हमेशा अपडेट रहें। निरीक्षण के दौरान कप्तान उपाध्याय ने थाने में दर्ज अपराधों की समीक्षा की और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से संपत्ति संबंधी अपराधियों, जेल से छूटकर आए बदमाशों और लिस्टेड गुंडों की गतिविधियों पर सख्ती से निगरानी रखने पर जोर दिया। कप्तान ने कहा कि इनकी प्रोफाइलिंग लगातार अपडेट होनी चाहिए और उनकी गुजर-बसर की जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

## निर्माणाधीन दीवार तोड़ने पर अज्ञात पर केस दर्ज

**सिहोरा।** नगर के वार्ड-11 में थाने के पीछे स्थित ईदगाह की निर्माणाधीन दीवार तोड़ने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ईदगाह में चल रहे निर्माण कार्य की देखरेख करने वाले वार्ड क्रमांक 5 पठानी मोहल्ला निवासी अमजद खान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि थाने के पीछे स्थित ईदगाह में डेढ़ साल से नवनिर्माण का काम चल रहा है।

पिस्टल, कट्टा, कारतूस और एक्टिवा जब्त, पुलिस पूछताछ जारी

# अवैध हथियारों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।



शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ के अभियान के तहत पुलिस ने बीते 24 घंटे में दो युवकों को पिस्टल, कट्टा और कारतूस सहित रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों से हथियार कहां से आए और किस वारदात के लिए उनका इस्तेमाल होना था इसे लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन और भेड़ाघाट थाना पुलिस की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई की।

### एक्टिवा में पिस्टल खोंसे मिला

टीआई अनूप नामदेव के मुताबिक 22 अगस्त की रात मुखबिर से सूचना मिली कि बीएसएनएल बिल्डिंग के सामने एक युवक सफेद एक्टिवा में पिस्टल लिए घूम रहा है। दबिश के दौरान पुलिस को देखकर युवक भागा, लेकिन गिरने पर दबोच लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान 20 वर्षीय मोह. दानिश निवासी नई बस्ती गोहलपुर, वर्तमान में अहमद नगर, कटनी के रूप में हुई। उसकी एक्टिवा से एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दूसरी कार्रवाई भेड़ाघाट में

टीआई कमलेश चौरिया ने बताया कि 21 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर सरस्वती घाट क्षेत्र से 18 वर्षीय साहिल चढ़ार निवासी गढ़र पिपरिया को पकड़ा गया। आरोपी की कमर में देशी कट्टा और जेब से दो कारतूस बरामद हुए। उस पर भी आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्यवाही की गई है। पुलिस दोनों आरोपियों से यह जानने का प्रयास कर रही है कि हथियार उन्हें कहां से और किस चैनल से उपलब्ध कराए गए।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

सिविल लाइन की कार्रवाई में एसआई इंदल सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक अनिल तिवारी, आरक्षक प्रदीप गुप्ता जबकि भेड़ाघाट की कार्रवाई में एसआई अजय झारिया, प्रधान आरक्षक राकेश रावत और राजेश धुर्वे की भूमिका सराहनीय रही।

### दो थानों की वारदातों का पर्दाफाश, 64 हजार नकद, बाइक और मोबाइल बरामद

# आंख में मिर्च डालकर 1.37 लाख लूटने वाले लुटेरे गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

भेड़ाघाट और माढ़ोताल थाना क्षेत्रों में हुई दो सनसनीखेज वारदातों की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। कलेक्शन एजेंट की आंख में मिर्च डालकर लाखों का बैग उड़ाने वाले और कंटगी बायपास पर मजदूर पर हमला करने वाले तीन शातिर बदमाश आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गए। पकड़े गए आरोपियों से 64 हजार नगद, घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गौरतलब है कि पहली वारदात माढ़ोताल 5 अगस्त की सुबह 25 वर्षीय संतोष मल्लाह मैहर दर्शन को जा रहा था। कंटगी बायपास पर तीन बदमाशों ने उसकी बाइक रोकी, मोबाइल और बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर पेट में नुकीली चीज़ से वार कर उसे घायल कर भाग निकले। जिस पर प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं दूसरी वारदात भेड़ाघाट में 13 अगस्त को दर्ज हुई थी। जिसमें मर्ज भारत फाइनेंस कंपनी का कलेक्शन एजेंट विष्णु पाल 1.37 लाख की किश्त राशि लेकर लौट रहा था। बहदन-सिलुआ रोड पर बदमाशों ने उसकी बाइक रोकी। एक ने चाबी निकाली, दूसरे ने आंख में मिर्च डाली और तीसरे ने बैग छीन लिया। एजेंट को पीटकर आरोपी काले रंग की बाइक से भाग निकले। पीड़ित को पसलियों व सीने में गंभीर चोटें आईं।



### इनकी रही सराहनीय भूमिका

वारदात का खुलासा करने में टीआई कमलेश चौरिया, एसआई राजकुमार तिवारी, एएसआई तेजराम सिंह, आरक्षक हरीश, हरी, अरविंद, केवल और अंकित की भूमिका अहम रही।

### वारदात की नियत से खड़े थे बदमाश

*घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान हुई। 21 अगस्त को अंधुआ नहर पुलिया पर घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। जिन्होंने अपने नाम 29 वर्षीय विष्णु बर्मन निवासी सिलुआ, 22 वर्षीय रामजी चौधरी निवासी अमवाही दमोह और 22 वर्षीय अजय कोल उर्फ मरूआ निवासी सिलुआ पूछताछ में तीनों ने माढ़ोताल और भेड़ाघाट की वारदातें कबूल कीं। योजना के तहत विष्णु ने बाइक और मिर्च पाउडर उपलब्ध कराया, जबकि रामजी और अजय ने एजेंट पर हमला कर बैग छीना। बाद में रकम आपस में बांट ली। पुलिस ने विष्णु से 30 हजार नकद, ओप्पो मोबाइल और बाइक, रामजी से 25 हजार नकद, मोबाइल और बैग और अजय से नौ हजार नकद बरामद करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया।*




**श्री बेड़ामल ओचानी-** गुरू अर्जुन देव कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री बेड़ामल ओचानी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुरजीत कौर खनूजा-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री कुलदीप सिंह खनूजा की धर्मपत्नी श्रीमती सुरजीत कौर खनूजा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुन सिंह-** गली नं. 2, इंद्रानगर रामपुर निवासी श्री दर्शन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन सिंह (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रम्मू सोंधिया-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री रम्मू सोंधिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला विश्वकर्मा-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रामरतन विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंदर सिंह यादव-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री इंद्रर सिंह यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बसंत झारिया-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री गणेश प्रसाद झारिया के पुत्र श्री बसंत झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चरण लाल सैनी-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री चरण लाल सैनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रभाकर रामचंद्र कुम्भोजकर-** रामनगर रामपुर निवासी श्री प्रभाकर रामचंद्र कुम्भोजकर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ शिवहरे-** सेठीनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री चंदू शिवहरे के पुत्र श्री सौरभ शिवहरे (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तीरथ प्रसाद-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री तीरथ प्रसाद (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम खिलावन उपाध्याय-** दीवान बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री राम खिलावन उपाध्याय (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना ग्रानिया-** हाट बाजार के पास छुई खदान बर्न कम्पनी कांचघर रोड निवासी श्री मुन्ना ग्रानिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन खत्री-** साईं परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री किशन खत्री (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x3 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100


## खबर संक्षेप

### घरेलू आर्थिक परिदृश्य की आरबीआई ने की समीक्षा



**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक स्थिति और वित्तीय बाजार की चुनौतियों समेत वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां केंद्रीय निदेशक मंडल की 618वीं बैठक आयोजित की गई।

### ग्लोबटियर का आईपीओ 25 अगस्त को खुलेगा




**मुंबई।** ग्लोबटियर इन्फोटेक ने अपने 1.02 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य 72 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम 25 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में 38.11 लाख नए शेयर और पांच लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### स्नेहा ऑर्गेनिक्स का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** हरित एवं टिकाऊ समाधान प्रदाता स्नेहा ऑर्गेनिक्स ने अपने आगामी आईपीओ के लिए 115 रुपये से 122 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 29 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। 32.68 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से 27 लाख नए शेयर पर आधारित है। यह दो सितंबर को संपन्न होगा।

### वेस्टब्रिज, एडलवाइस में हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश कंपनी वेस्टब्रिज कैपिटल, एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी 450 करोड़ में खरीदेगी। एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (ईएफएसएल) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस लेनदेन के जरिये संपत्ति प्रबंधन कंपनी का कुल मूल्यांकन लगभग 3,000 करोड़ रुपये बैठता है।

### अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रवर्तक ने बेची 1.3 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक सुनीता रेड्डी के नेतृत्व वाले उसके प्रवर्तक समूह ने स्वास्थ्य सेवा कंपनी में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,489 करोड़ रुपये में बेच दी है। शेयर बाजारों पर थोक सौदों के माध्यम से अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 18,97,239 शेयर 7,850 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर बेचे हैं। इसमें कहा गया कि बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल प्रवर्तक समूह के बकाया ऋण को कम करने में किया जाएगा।

### आशीष कुमार ने कोल इंडिया के निदेशक का पद संभाला

**कोलकाता।** आशीष कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाल लिया है। सीआईएल ने बयान में कहा कि वह देबाशीष नंदा के बाद इस पद पर आसीन होने वाले दूसरे कार्यकारी हैं। नंदा जून में सेवानिवृत्त हो गए थे। निदेशक (व्यवसाय विकास) का पद जुलाई 2022 में सृजित किया गया था। नंदा इस पद पर पहली नियुक्ति थे। कुमार सीआईएल नवकर्णीय ऊर्जा लिमिटेड के निदेशक भी रहे।

# फाइल टाइम पर नहीं कर पाए रिटर्न तो नो टेंशन, आईटीआर-यू बनेगा आपका हथियार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आयकर रिटर्न फाइल की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। इसी के चलते विभाग ने आईटीआर-यू (अपडेटेड) फॉर्म को भी नोटीफाई किया है। इस फॉर्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं और इसके जरिए पुराना आईटीआर भी दाखिल किया जाता है। भारत सरकार ने वित्त अधिनियम 2022 में आईटीआर (यू) को आयकर अधिनियम की धारा 139(8ए) के तहत पेश किया गया था और वित्त अधिनियम 2025 के जरिए इसमें संशोधन किया गया। आईटीआर-यू के साथ, टैक्सपेयर्स कर दाखिल करने की गलतियों को सुधार सकते हैं, छूटी हुई आय को जोड़ सकते हैं या गलत डिटेल को सुधार सकते हैं।

- आईटीआर यू फाइल को 4 सालों तक बढ़ा दिया गया है

## इस फार्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं

### क्या देना होगा ज्यादा टैक्स?

आईटीआर-यू दाखिल करते समय आपको अतिरिक्त कर देना पड़ता है। अगर आप मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 12 महीने के अंदर रिटर्न दाखिल करते हैं, तो 25% अतिरिक्त कर देना होगा। 24 महीनों के लिए 50 प्रतिशत, 36 महीनों के लिए 70 प्रतिशत और 48 महीनों के लिए भी 70 प्रतिशत अतिरिक्त कर देना होगा। इसलिए, ये याद रखना जरूरी है कि अपडेटेड रिटर्न का मकसद उस कर का भुगतान करना है, जो आपने पहले रिटर्न दाखिल करते समय नहीं चुकाया न कि रिफंड का दावा करना।




### कौन दाखिल कर सकता है और कौन नहीं?

जो भी व्यक्ति अपने मूल आयकर रिटर्न, संशोधित रिटर्न या देरी से रिटर्न में कोई गलती करता है या कोई आय का विवरण छोड़ देता है, वह आईटीआर-यू दाखिल करने के लिए एलिजिबल हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी टैक्सपेयर्स हैं जो इसे नहीं भर सकते हैं। उनके लिए कुछ शर्तें कुछ इस प्रकार हैं-

### दाखिल करने की समय सीमा क्या है?

आईटीआर-यू दाखिल करने की आखिरी तारीख संबंधित मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 48 महीने बाद है. यानी, मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-यू की अंतिम तारीख 31 मार्च 2030 है। इसी तरह, मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम तारीख 31 मार्च 2029 है।

### निम्न शर्तें लागू

शर्त के अनुसार जिसने पहले ही अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर दिया हो, जो शून्य रिटर्न या नुकसान का रिटर्न दाखिल करना चाहता हो, जो रिफंड का दावा करना या रिफंड की राशि बढ़ाना चाहता हो, जिसके अपडेटेड रिटर्न से कर देयता कम हो जाती हो, जिसके खिलाफ आयकर विभाग ने धारा 132 के तहत तलाशी शुरू की हो, जिसके बही-खाते, दस्तावेज या संपत्ति आयकर विभाग ने जब्त की हो, जिसका कोई मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन, संशोधन या पुनर्गणना लंबित हो या पूरा हो चुका हो।

## चेयरमैन पांडेय ने एम्फी के कार्यक्रम में दी जानकारी

# म्यूचुअल फंड योजनाओं में नई महिला निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की तैयारी: सेबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक सेबी म्यूचुअल फंड योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने की योजना पर विचार कर रहा है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। पांडेय ने कहा, ''वित्तीय समावेशन तब तक पूरा नहीं होगा जब तक इसमें महिलाओं की समान भागीदारी नहीं होगी। इसलिए हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार कर रहे हैं।''

### प्रस्ताव से नए निवेशक जुड़ेंगे

सेबी प्रमुख ने कहा कि सेबी म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठा रहा है। हाल ही में दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों के नए व्यक्तिगत निवेशकों के निवेश पर वितरकों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे नए प्रतिभागी जुड़ेंगे और म्यूचुअल फंड का दायरा कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों तक बढ़ेगा।

**निवेश में महिलाओं की भी समान भागीदारी जरूरी**

**महिलाओं के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार**

**सेबी निवेशकों के हितों के लिए कई कदम उठा रहा**




### एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा जारी

सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेश उत्पादों में लचीलापन और स्पष्टता लाने के साथ एक ही तरह की फंड योजनाओं में निवेश की समस्या को दूर करने के लिए म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चलाई जा रही परामर्श प्रक्रिया से मिलने वाले सुझावों के आधार पर अगले कदम तय होंगे।

### एमएफ के नियमों को सरल किया जाएगा

आने वाले महीनों में बाजार नियामक म्यूचुअल फंड नियमों के व्यापक सरलीकरण पर भी काम करेगा, ताकि उद्योग के लिए अनुपालन आसान बने और निवेशकों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

### एमएफ के लिए रिपोर्ट जमा करने की अनिवार्यता खत्म

पांडेय ने कहा, ''ये उपाय उद्योग को अधिक पारदर्शी और निवेशक अनुकूल बनाने में मददगार होंगे।'' उन्होंने बताया कि 'कारोबारी सुगमता' और अनुपालन को सरल बनाने की दिशा में सेबी ने हाल ही में म्यूचुअल फंड से मांगी जाने वाली रिपोर्टों की समीक्षा की है। इनकी समीक्षा के बाद 52 से अधिक रिपोर्ट, नोटिस और परिशिष्ट जमा करने की अनिवार्यताएं खत्म कर दी गई हैं।

### सेबी के नए कार्यकारी निदेशकों ने संभाला कार्यभार


भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बताया कि उसके तीन नए कार्यकारी निदेशकों... अमित प्रधान, अवनीश पांडेय और संजय चंद्रकांत पुराओ ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले प्रधान, पांडेय और पुराओ सेबी में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। सेबी ने तीन अलग-अलग बयानों में कहा कि अपनी नई भूमिका में, प्रधान कानूनी मामलों और अभियोजन एवं निपटान विभाग का कार्यभार संभालेंगे, पांडेय सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रबंधन करेंगे जबकि पुराओ वित्त जांच विभाग, वसूली और धनवापसी के साथ-साथ आंतरिक जांच विभाग का भी कार्यभार संभालेंगे। अपनी पूर्व भूमिका में, प्रधान सेबी में मुख्य महाप्रबंधक और क्षेत्रीय निदेशक थे और नयी दिल्ली स्थित उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे। पांडेय सेबी में मुख्य महाप्रबंधक रह चुके हैं। उनके पास प्रतिभूति बाजार नियामकीय क्षेत्र में लगभग तीन दशक का अनुभव है। पुराओ मुख्य महाप्रबंधक थे और 1996 में सेबी में शामिल होने के बाद से उन्होंने विभिन्न विभागों को संभाला है।

# महत्वपूर्ण संचार ढांचे के लिए विकसित की जा रहीं नीतियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि देश में महत्वपूर्ण संचार यानी क्रिटिकल कम्युनिकेशन से जुड़ी नीतियां और ढांचा तेजी से विकसित किया जा रहा है ताकि एक मजबूत, सुरक्षित और एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली बनाई जा सके।

महत्वपूर्ण संचार सेवाओं का इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों, सार्वजनिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, रक्षा और रेलवे एवं विमानन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाता है। इन संचार सेवाओं का हर हालत में चालू रहना जरूरी होता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन ए. के. लाहोटी ने यहां ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के एक कार्यक्रम में कहा, ''नीतियां, स्पेक्ट्रम और मानक तेजी से तैयार किए जा रहे हैं ताकि देश में महत्वपूर्ण संचार के लिए एक लचीला और सुरक्षित ढांचा विकसित हो सके। लाहोटी ने बताया कि सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी-2018) के तहत सार्वजनिक संरक्षण एवं आपदा राहत (पीपीडीआर) नेटवर्क को सशक्त करने की घोषणा की थी। ट्राई ने अगली पीढ़ी के पीपीडीआर संचार नेटवर्क के बारे में सरकार को जून, 2018 में सिफारिशें दी थीं।




- ट्राई चेयरमैन ने कहा, एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली बनाई जा सके
- स्पेक्ट्रम और मानक तेजी से तैयार किए जा रहे

### रेलवे सुरक्षा के लिए अलग बैंड की सिफारिश


इनमें पूरे देश के लिए एक एकीकृत ब्रॉडबैंड पीपीडीआर नेटवर्क की स्थापना और मेट्रो शहरों, सीमावर्ती जिलों, आपदा प्रभावित क्षेत्रों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में हाइब्रिड मॉडल लागू करने का सुझाव दिया गया था। इस अवसर पर लाहोटी ने कहा कि दूरसंचार विभाग से मिले संदर्भों के आधार पर ट्राई ने रेलवे सुरक्षा के लिए 700 मेगाहट्र्ज बैंड में 10 मेगाहट्र्ज का साझा स्पेक्ट्रम आवंटित करने की सिफारिश की है।

# विंजो, नजारा ने 'पैसे वाली' गेमिंग पेशकश बंद कीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग मंच विंजो और नजारा टेक्नोलॉजीज समर्थित मूनशाइन टेक्नोलॉजीज (पोकरबाजी) ने शुक्रवार को कहा कि संसद में पारित ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 के मद्देनजर उसने पैसे से खेले जाने वाले अपने ऑनलाइन गेमिंग परिचालन को निलंबित कर दिया है।

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 सभी प्रकार के 'रियल मनी' वाले ऑनलाइन खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। साथ ही ई-स्पोर्ट्स और निःशुल्क सामाजिक खेलों के विकास को प्रोत्साहित करता है।



- संसद ने ऑनलाइन गेमिंग परिचालन को किया निलंबित
- कंपनी देश के कानून का पूरी तरह से पालन करेगी

यह बृहस्पतिवार को उच्च सदन में पारित हुआ है। कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड जो पोकरबाजी का स्वामित्व एवं संचालन करती है उसने नए कानून के अनुरूप अपनी 'रियल मनी' की पेशकश को निलंबित कर दिया है। बयान में कहा गया, '' 21 अगस्त, 2025 को संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 के प्रचार एवं विनियमन के अनुसार और उसके अधिनियमित होने तक हम सूचित करना चाहते हैं कि अत्यधिक सावधानी के साथ एवं सरकार के आदेश का सम्मान करते हुए नजारा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की 46.07 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली अनुषंगी कंपनी ने 'रियल मनी' वाले ऑनलाइन गेमिंग संचालन की पेशकश बंद कर दी है।''

**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य) सिवनी**
E-mail-actw.sni@mp.gov.in
क्र., /3232/निर्माण/2025 सिवनी दिनांक 19 अगस्त, 2025
**Corrigendum**
म.प्र.राज्यपाल की ओर से तथा लोक निर्माण विभाग मेनुअल अनुसार कार्यालयीन ई निविदा क्र. 3139 दिनांक 11 अगस्त 2025 को जारी निविदा विज्ञप्ति में Online NIT No. 2025_TAD_444971_1 and Online NIT No. 2025_TAD_444972_1 प्रकाशित की गई है जिसकी निविदा लागत में वृद्धि होने से तत्काल निरस्त की जाती है ।
सहायक आयुक्त,
जनजातीय कार्य सिवनी
G-17589/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**
Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन - 761-2676199 फैक्स 263399
क्रमांक 6वी बटा/विसब/जबल/साअ/B/4390/2025 दिनांक 13/08/2025
**निविदा आमंत्रण सूचना**
वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेखा शीर्ष 2216-05-053-9999-9545-33-001 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण मद में आवंटित बजट के अन्तर्गत प्राक्कलन के अनुसार मरम्मत कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https : mptenders.gov.in पर भेज सकते है ।
सेनानी
6वी वाहिनी विसबल जबलपुर
G-17599/25

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में आर.ओ.बी. के निर्माण हेतु ई-निविदा सूचना**
सीपीएम, गति शक्ति इकाई, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** सीपीएम-जीएसयू-14-एनएजी-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल अंतर्गत दो आर.ओ.बी. का निर्माण - **(1)** गोंदिया - चांदा फोर्ट सेक्शन में राजोली - मूलमरोड़ा स्टेशनों के बीच कि.मी. 1199/6-7 पर मानवयुक्त समपार क्र. GCF-123 के एवज में।
**(2)** गोंदिया-चांदा फोर्ट सेक्शन में मूलमरोड़ा - केलझर स्टेशनों के बीच कि.मी. पर 1206/13-14 पर मानवयुक्त समपार क्र. 125 के एवज में।
**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ ₹ 55,05,57,343/-
**बयाना राशि:** ₹ 29,02,800/-
बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल/संशोधित बिड्स दिनांक **08.09.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते हैं ।
मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है व ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।
उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर
PC/20-97
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सांकेतिक सूचना**
**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के लिए**
अधिसूचना क्रमांक पी/एनएजी/आरसीटी/2025/9 दिनांक 21.06.2025 के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में गति शक्ति इकाई अंतर्गत सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से मासिक पारिश्रमिक के आधार पर एसएसई (पी.वे), इंजीनियरिंग विभाग के 01 पद और एसएसई (इलेक्ट्रिकल जनरल), इलेक्ट्रिकल विभाग के 01 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11.07.2025 थी और साक्षात्कार के माध्यम से चयन 17.07.2025 को निर्धारित किया गया था।
लेकिन अब, **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04.09.2025** तक बढ़ा दी गई है और साक्षात्कार के माध्यम से चयन **11.09.2025** को निर्धारित किया गया है।
अधिसूचना संख्या पी/एनएजी/आरसीटी/2025/9 दिनांक: 21.06.2025 में उपलब्ध अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
इच्छुक आवेदक वेबसाइट **https://secr.indianrailways.gov.in** के माध्यम से नागपुर मंडल के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करके निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) डाउनलोड कर सकते हैं और **04.09.2025** तक अधिसूचना में प्रदान की गई आधिकारिक Email Id में PDF प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज के साथ स्कैन की गई कॉपी भेज सकते हैं।
**पथ इस प्रकार है:**
**(Recruitment/News/Press Release > Recruitment > Nagpur Division > गति शक्ति इकाई में सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के पुनः नियुक्ति हेतु अधिसूचना)**
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/22-105
swacch bharat - keepindiaclean

**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**
TELEPHONE (0) 07644-234400 (R) 07644-234066 (FAX) 07644 - 234024 PIN- 481880,
मेन रोड, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने, वन विभाग परिसर, डिण्डौरी (म.प्र.), E-mail- dfoddtori@mp.gov.in
क्रमांक/व्यय लेखा/25-26/9002 **द्वितीय निविदा सूचना** डिण्डौरी, दिनांक 20/08/2025
निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ एवं https://mpforest.gov.in पर देखी जा सकती है।
**निविदाएं की संक्षिप्त विवरण**

| टेंडर क्रमांक | सामग्री का नाम | कार्य की मात्रा | सत्याकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025_MPFD_429775_2 | दरवाजा, चौखट वेंटीलेशन | आवश्यकतानुसार | 30,000/- | 1,000/- |
| 2025_MPFD_435407_2 | किराये के वाहन | 10 परिक्षेत्रों हेतु गश्ती वाहन (12) | 30,000/- | 1,000/- |

परिशिष्ट/निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र - यदि कोई हो केवल पोर्टल https://mptenders.gov.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं ।
वन मंडल अधिकारी
G-17596/25 सामान्य वनमंडल डिण्डौरी

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**
Bid Number: Bid Number: GEM/2025/B/6588302 Dt 20.08.2025 & GEM/2025/B/6588492 Dt.20.08.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा जेम पोर्टल के माध्यम से अधिकृत डीलर राप्लायर हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | निविदा प्रारंभ तिथि | निविदा अंतिम तिथि | कार्य पूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित | निविदा की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/2025/ B/6588302 | जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत ग्राम कोको, सिझौरा, नार्मल सिझौरा, बरवाही एवं नारायणगंज छात्रावास जिला मण्डला हेतु फर्नीचर कार्य की स्थापना, | मण्डला | 20.08.2025 | 04.09.2025 | 06 माह वर्षाकाल सहित | अधिकृत डीलर/ सप्लायर |
| 2 | GEM/2025/ B/6588492 | जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत ग्राम कोको, सिझौरा, नार्मल सिझौरा, बरवाही एवं नारायणगंज छात्रावास हेतु समार्ट क्लास, कम्प्यूटर कक्षों में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य | मण्डला | 20.08.2025 | 04.09.2025 | 06 माह वर्षाकाल सहित | अधिकृत डीलर/ सप्लायर |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://gem.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे ।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से सामाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
(पारस सिंह)
कार्यपालन यंत्री (भवन).
लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म. प्र.)
G-17610/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर**
NIT No. 21/2025/ Centralized Tender / G / CE (B ) / Date 19/08/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में) | अमानत राशि ईएमडी (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय माह में वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_ 445512_1 | कार्यपालन यंत्री (भवन) लो.नि.वि. जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु स्कार्पियो. या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा । प्रथम आमंत्रण | जबलपुर | 8.88 | 18000.00 | 2000.00 | 24 |
| 2 | 2025_PWPIU_ 445514_1 | सहायक यंत्री (भवन) कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लो.नि. वि. जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु बोलेरो या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा । प्रथम आमंत्रण | जबलपुर | 7.20 | 15000.00 | 2000.00 | 24 |
| 3 | 2025_PWPIU_ 445515_1 | सहायक यंत्री (भवन) कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लो.नि.वि. जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु बोलेरो या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा । प्रथम आमंत्रण | जबलपुर | 7.20 | 15000.00 | 2000.00 | 24 |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे । 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 22.08.2025 समय 9:00 से दिनांक 06.09.2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा । अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है । 4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जबलपुर
G-17593/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?



मानसून सत्र
प्रो. नीलम महाजन सिंह

संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा




को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है। ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'। अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विडम्बना
पंकज चतुर्वेदी




# सुरक्षा बल जवानों में खुदकुशी की प्रवृत्ति खड़े कर रही सवाल

अगस्त महीने के पहले हफ्ते में ही बस्तर के कोंडागांव के बयानार सीएएफ कैंप में प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस साल के आठ महीनों में (अधिकांश बस्तर में ही) सुरक्षा बलों के 11 लोग इस तरह खुद के जीवन को समाप्त कर चुके हैं। जब केंद्र सरकार लगातार छापेमारी कर बड़े नक्सल ऑपरेशन कर रही है और अबूझमाड के उन इलाकों तक सुरक्षा बल पहुंच रहे हैं जिन्हें अभी तक 'अबूझ' कहा जाता था,जवानों में आत्महत्या की प्रवृति चिंता की बात है। दुर्भाग्य है कि जब-तब ऐसी घटनाएं होती हैं, जांच आदि के दल गठित होते हैं लेकिन हफ्ता बीतते ही जवानों को उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता जिससे हताश उनका साथी खुदकुशी कर चुका था। गत एक दशक के दौरान बस्तर में डेढ़ सौ से अधिक जवान आत्महत्या या फिर अपने ही साथी के क्रोध में मारे गए। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोई भी जवान ऐसे कदम बेहद तनाव या असुरक्षा की भावना से ग्रस्त होकर उठाता है। आखिर वे दबाव में क्यों ना हों? ना तो उन्हें साफ पानी मिल रहा है और ना ही माकूल स्वास्थ्य सेवाएं। जानकर दुख होगा कि नक्सली इलाके में सेवा दे रहे जवानों की मलेरिया जैसी बीमारी का आंकड़ा उनके लड़ते हुए शहीद होने से कहीं ज्यादा होता है। वर्ष 2020 के दौरान नक्सल हिंसाग्रस्त इस राज्य में 38 जवानों ने आत्महत्या की। अगले साल 2021 में यह संख्या 24 और 2022 में 31 हो गई। सन 2023 में 22 और 2024 में 29 जवान इस तरह असामयिक काल के गाल में समा गए। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कोई दो दशक पहले एक जांच दल बनाया था जिसकी रिपोर्ट जून-2004 में आई थी। इसमें घटिया सामाजिक परिवेश, प्रमोशन की कम संभावनाएं, अधिक काम, तनावग्रस्त कार्य, पर्यावरणीय बदलाव, वेतन-सुविधाएं जैसे मसलों पर कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें छुट्टी देने की नीति में सुधार, जवानों से नियमित वार्तालाप, शिकायत निवारण को मजबूत बनाना, मनोरंजन व खेल के अवसर उपलब्ध करवाने जैसे सुझाव थे। इन पर कागजी अमल भी हुआ, लेकिन जैसे-जैसे देश में उपद्रव ग्रस्त इलाका बढ़ता जा रहा है अर्ध सैनिक बलों व फौज के काम का दायरे में विस्तार हो रहा है। यह एक कड़ा सच है कि हर साल दंगा, नक्सलवाद, अलगाववादियों, बाढ़ और ऐसी ही विकट परिस्थितियों में संघर्ष करने वाले इस बल के लोग मैदान में लड़ते हुए मरने से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारियों से मर जाते हैं। यह बानगी है कि जिन लोगों पर हम मरने के बाद नारे लुटाने का काम करते हैं, उनकी नौकरी की शर्तें किस तरह असहनीय, नाकाफी और जोखिमभरी हैं। अपने ही साथी या अफसर को गोली मार देने के मामले भी आए रोज सामने आ रहे हैं। कुल मिलाकर सुरक्षा बल दुश्मन से नहीं, खुद से ही जूझ रही है। सुदूर बाहर से आए केंद्रीय बलों के जवान ना तो स्थानीय भूगोल से परिचित हैं, ना ही उन्हें स्थानीय बोली-भाषा-संस्कार की जानकारी होती है और ना ही उनका कोई अपना इंटेलिजेंस नेटवर्क बन पाया है। वे तो मूल रूप से स्थानीय पुलिस की सूचना या दिशा-निर्देश पर ही काम करते हैं। बस्तर में बहुत सी जगह निर्माणाधीन सड़क की निगरानी के लिए सुरक्षा बलों की दैनिक ड्यूटी लगाई जा रही है। असल में केंद्रीय फोर्स का काम दुश्मन को नष्ट करने का होता है ना कि चौकसी करने का। यह किसी से छिपा नहीं है कि स्थानीय पुलिस की फर्जी व शोषण की कार्यवाहियों के चलते दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण खाकी वर्दी पर भरोसा करते नहीं हैं। अधिकांश मामलों में स्थानीय पुलिस की गलत हरकतों का खामियाजा केंद्रीय बलों को झेलना पड़ता है।

बेहद घने जंगलों में लगतार सर्चिंग व पेट्रोलिंग का कार्य बेहद तनावभरा है, यहां दुश्मन अदृश्य है, हर दूसरे इंसान पर शक होता है, चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर फटेहाल ग्रामीण। पूरी तरह बस अविश्वास, अनजान भय और अंधी गली में मंजिल की तलाश। इस पर भी हाथ बंधे हुए, जिसकी डोर सियासती आकाओं के हाथों में है। सीआरपीएफ की रपट में यह माना गया है कि लंबे समय तक तनाव, असुरक्षा व एकांत के माहौल ने जवानों में दिल के रोग बढ़ाए हैं। वहीं घर वालों का सुख-दुख ना जान पाने का दर्द भी उनको भीतर ही भीतर तोड़ता रहता है। तिस पर वहां मनोरंजन के कोई साधन हैं नहीं और ना ही जवान के पास उसके लिए समय है। महज साफ पानी, मच्छर से निबटने के उपाय, जवानों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कुछ ऐसे उपाय हैं जो कि सरकार नहीं तो समाज अपने स्तर पर अपने जवानों के लिए मुहैया करवा सकता है ताकि जवान एकाग्र चित्त से देश के दुश्मनों से जूझ सकें।


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## सटाका





## आज की पाती

### ऑनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है। युवाओं के लिए खतरनाक बनते आनलाइन गेम पर सरकार ने संज्ञान लेकर ऐसे ऐप पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद में बिल पेश किया। सरकार का मकसद रियल मनी गेम्स पर शिकंजा कसना है।

## करंट अफेयर

# जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई। पिछले चार वर्षों में, हमारी शोध टीम ने सात प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा लोगों की तस्वीरें और साक्षात्कार लिया। हमने उनके कामकाज के सामाजिक अर्थों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान हमें कामकाज के ऐसे सूक्ष्म व प्रत्यक्ष तरीके भी देखने को मिले जिनके कारण बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियां लोगों के कामकाजी जीवन के सामाजिक व आर्थिक ताने-बाने को बिगाड़ रही हैं। हम अपने दो प्रोजेक्ट स्थलों का उपयोग यह दर्शाने के लिए कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इन दो स्थलों में उत्तरी सस्केचवान में लाक ला रोन्ज और न्यू ब्रंसविक में ग्रैंड मनन द्वीप शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान




उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।
- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।
- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नेशनल मीट 2025 में बोले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन

# अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे, लाए क्रांतिकारी परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को नेशनल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष तकनीक अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर नागरिकों की जिंदगी में बदलाव लाने का माध्यम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, और यही प्रगति 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसरो निरंतर अपने परिचालन अनुप्रयोगों को अधिक सटीक, तेज और उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अहम है। हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी ताकत से योगदान देंगे।





विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में इसरो की भूमिका अहम

सैटेलाइट तकनीक में आज भारत विकसित देशों के बराबर खड़ा

### निसार दुनिया का सबसे महंगा उपग्रह

वी. नारायणन ने बताया कि आज भारत में 55 से अधिक अंतरिक्ष अनुप्रयोग सक्रिय हैं, जो टेलीविजन प्रसारण से लेकर मौसम पूर्वानुमान तक हर क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले हमारे पास सैटेलाइट तकनीक नहीं थी, लेकिन आज हम विकसित देशों के बराबर खड़े हैं। हाल ही में 30 जून को नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट (निसार) लॉन्च किया गया, जो दुनिया का सबसे महंगा सैटेलाइट है, और इसे इसरो ने तैयार किया और अपने रॉकेट से सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

### छह महीनों में तीन महत्वपूर्ण मिशन पूरे

वी. नारायणन बताया कि 2015 से 2025 के बीच इसरो ने जितने मिशन लॉन्च किए, वे 2005 से 2015 के मुकाबले लगभग दोगुने हैं। पिछले छह महीनों में इसरो ने तीन महत्वपूर्ण मिशन पूरे किए, जिनमें प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 मिशन भी शामिल है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सुरक्षित लौटने वाले पहले भारतीय बने, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

### चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा

*इसरो प्रमुख ने 2025 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसरो ने 29 जनवरी को अपना 100वां रॉकेट लॉन्च किया। भारत अब उन चार देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक और अनडॉक किया है। साथ ही, पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देशन में शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में भेजा गया और आज चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा भारत के पास है।*

आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

### भारत सैटेलाइट से लेकर आईएसएस तक की यात्रा का मनाएगा जश्न

*भारत शनिवार को दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। यह दिन सैटेलाइट से लेकर ह्यूमन स्पेसफ्लाइट तक देश की यात्रा का जश्न मानने के रूप में खास होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा पर उतरने वाले चौथे और उसके दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश के रूप में इतिहास रच दिया। यह एक ऐसा क्षण था, जिसने भविष्य में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरित किया। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र देश के तकनीकी और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वर्ष 2020 में ऐतिहासिक अंतरिक्ष सुधारों के साथ, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को उदार बनाया है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का गठन किया है।*



## खबर संक्षेप

### कोलंबिया में हुए हमले में 17 की मौत, कई घायल

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलिकॉप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है।



### गिनी में भूस्खलन 11 की मौत, 10 घायल

**कोनाक्री (गिनी)।** भारी बारिश के कारण गिनी के एक ग्रामीण इलाके में भूस्खलन की खबर है। इस दौरान कम से कम 11 लोगों की मौत होने की सूचना मिल रही है। भूस्खलन में 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, यह भूस्खलन बुधवार रात राजधानी कोनाक्री से 50 किमी दूर कोयाह प्रांत के एक ग्रामीण क्षेत्र मानेह में हुआ। खोज और बचाव अभियान जारी है।



### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें कोलंबो में क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने गिरफ्तार किया है। वह पुराने एक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराने के लिए सीआईडी के ऑफिस पहुंचे थे। पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। उन पर सितंबर 2023 में अपनी पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने हेतु सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है।



संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ बोले

# महिला शांति रक्षक बदलाव की मशाल यूएन मिशनों में उनकी भूमिका अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएमओसी-2025) में भाग लेने वाली 15 देशों की महिला सैन्य अधिकारियों और 12 भारतीय महिला अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान रक्षामंत्री ने उन्हें वैश्विक शांति प्रयासों में 'बदलाव की मशाल' करार दिया।

यह पाठ्यक्रम 18 से 29 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इसे संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र ने रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया है, जिसका उद्देश्य महिला अधिकारियों की पेशेवर क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

यूएन में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने के लिये प्रयासरत भारत

पाठ्यक्रम में शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा



### भारत यूएन मिशन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता

सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के नाते हमेशा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सशस्त्र सेनाओं और शांति स्थापना दलों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को मजबूत कर रहे हैं, ताकि उन्हें नेतृत्व और सेवा का समान अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी शांति अभियानों में 'अमूल्य और अनोखा दृष्टिकोण' लेकर आती हैं, जिससे स्थानीय समुदायों के साथ भरोसा मजबूत होता है, यौन हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है और मानवीय सहायता को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

### 16 देशों की महिलाएं भाग ले रहीं

इस पाठ्यक्रम में भारत सहित आर्मेनिया, डीआर कांगो, मिस्र, आइवरी कोस्ट, केन्या, किर्गिज गणराज्य, लाइबेरिया, मलेशिया, मोरक्को, नेपाल, सिएरा लियोन, श्रीलंका, तंजानिया, उरुग्वे और वियतनाम की महिला अधिकारी हिस्सा ले रही हैं। इन अधिकारियों की मौजूदगी को राजनाथ सिंह ने 'संयुक्त राष्ट्र की एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक' बताया।

### यूएन जर्नल 2025 का किया विमोचन

*इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने 'ब्लू हेलमेट ओडिसी : 75 ईयर्स ऑफ इंडियन पीसकीपिंग' शीर्षक वाली यूएन जर्नल 2025 का विमोचन भी किया, जो वैश्विक शांति में भारत के 75 वर्षों के योगदान को उजागर करता है। पाठ्यक्रम में आधुनिक शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून, नागरिकों की सुरक्षा, शरणार्थियों के अधिकार, संघर्ष से जुड़ी यौन हिंसा और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र ड्यूटी के लिए नामित एक इन्फैंट्री बटालियन द्वारा फील्ड डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।*

पाक पर कसा तंज

### पाक की स्थिति डंपर वाली, तो यह उनकी अपनी नाकामी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान पर तंज कसा है। मुनीर अपने बयान के कारण पाकिस्तान में और दुनिया भर में ट्रोल हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर दो देश एक साथ आजाद हुए, और एक ने कड़ी मेहनत, सही नीतियों और दूरदृष्टि से फेरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा अभी भी डंपर की स्थिति में है, तो यह पाकिस्तान की अपनी नाकामी है। उन्होंने कहा कि वह आसिम मुनीर के इस बयान को एक कन्फेशन के रूप में देखते हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में एक ऐसी 'कबीलाई और लुटेरी मानसिकता' की तरफ इशारा किया है, जिसका शिकार पाकिस्तान अपने जन्म से रहा है।*

ड्राइवर की लापरवाही से हुई दुर्घटना

# यूएस ने तत्काल सभी 'विदेशी' ट्रक ड्राइवरों का रोक दिया वीजा



मार्को रूबियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका ऐलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है। अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है और ये ट्रक और ट्रेलर चालक अमेरिकी लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं और साथ ही अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका में भी सेंध लगा रहे हैं।'

### ट्रक ड्राइवर पर फ्लोरिडा में चलेगा केस

*दरअसल, फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। अब ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह को आरोपों का सामना करने के लिए फ्लोरिडा के उपराज्यपाल जे कॉलिन्स विमान से उतारकर ले गए। एक्स पर पोस्ट में कॉलिन्स ने कहा कि वह और गवर्नर रॉन डेसेंटिस सिंह को वापस लाए हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने हरजिंदर सिंह के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।*

### इस मुद्दे पर गरमाई अमेरिकी राजनीति

अब आरोपी भारतीय ट्रक ड्राइवर को अमेरिका से निर्वासित करने की तैयारी हो रही है। इस मामले में राजनीति होने की वजह ये है कि हरजिंदर सिंह को ट्रक ड्राइवर का लाइसेंस कैलिफोर्निया से मिला, जो कि डेमोक्रेट पार्टी का गढ़ है। अब ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, हरजिंदर सिंह को ड्राइविंग लाइसेंस देने के जिम्मेदार हैं। हालांकि न्यूसम ने ट्रंप की संघीय सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

ईडी की मनी लॉन्डिंग में बड़ी कार्रवाई

# नुकसान की भरपाई करने के लिए जब्त संपत्तियां बैंक को सौंपी

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'कंडाला सर्विस कोऑपरेटिव बैंक' के पूर्व अध्यक्ष और उनके परिवार से जुड़े धन शोधन के एक मामले में नुकसान की भरपाई के लिए जब्त एक करोड़ की संपत्तियां तिरुवनंतपुरम स्थित इस बैंक को नीलामी के लिए सौंप दी है। जब्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज ईडी कार्यालय में उप निदेशक एस. सिमी ने कंडाला बैंक के सचिव बैजू राज को सौंपे।

यह मामला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और बैंक के पूर्व अध्यक्ष एन. भासुरंगन तथा उनके परिवार द्वारा कथित रूप से 3.22 करोड़ की हेराफेरी से जुड़ा है।





आरोपियों में भासुरंगन के साथ उनकी पत्नी जयाकुमारी, बेटा अखिजित, बेटियां अस्वति और अभीमा तथा दामाद बी.आर. बालमुरुगन शामिल हैं। सभी को 21 नवंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद ईडी ने उनकी एक करोड़ की संपत्तियां जब्त कर ली थीं।

आतंकी संगठनों की कर रहे थे मदद

# दो सरकारी कर्मचारी को एलजी मनोज सिन्हा ने किया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक और सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों कर्मचारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, जिनमें आतंकियों को सहायता पहुंचाने, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने की बातें सामने आईं।



ट्रंप टैरिफ का तोड़ निकाल रहा भारत

# कूटनीतिक माध्यमों के जरिए यूएस सांसदों से मिल रहे हैं राजदूत क्वात्रा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारत कूटनीतिक माध्यमों के जरिए समस्या का समाधान करने में जुटा हुआ है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने नौ अगस्त से अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की है। इन मुलाकातों से साफ है कि भारत-अमेरिका रिश्तों को और मजबूत करने की कोशिशें तेज हैं। उन्होंने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात कर द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। क्वात्रा ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया।

### द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर की चर्चा

क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी। इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। क्वात्रा कहा कि तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और संतुलित, निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों सहित द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में नवीनतम विकास पर अपडेट साझा किए।



दुनिया की सबसे बड़ी नमकीन झील 'कैस्पियन सागर' तेजी से सिकुड़ रही

# पांच साल में तीन फीट नीचे गया पानी, 5 देशों के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैस्पियन सागर, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा नमकीन झील कहा जाता है, तेजी से सिकुड़ रहा है। अजरबैजान के अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता जताई है। पिछले पांच साल में इसका जलस्तर 0.93 मीटर (3 फीट) नीचे गिर चुका है। यह गिरावट हर साल 20-30 सेंटीमीटर की रफ्तार से हो रही है। इस सिकुड़ते सागर का असर न केवल तेल शिपमेंट और बंदरगाहों पर पड़ रहा है, बल्कि स्टर्जन मछलियां और कैस्पियन सील जैसी प्रजातियां भी खतरे में हैं। अजरबैजान के उप पर्यावरण मंत्री रऊफ हाजीयेव ने इस संकट को आर्थिक और पर्यावरणीय आपदा करार दिया है। कैस्पियन सागर अजरबैजान, ईरान, कजाकिस्तान, रूस और तुर्कमेनिस्तान जैसे पांच देशों से घिरा हुआ है। यह दुनिया का सबसे बड़ा बंद जलाशय है। जिसे नमकीन झील कहा जाता है। इसकी गहराई और विशालता इसे तेल और गैस भंडारों का केंद्र बनाती है।

### जलवायु परिवर्तन और वोल्गा नदी पर बांध से बड़ा खतरा



अजरबैजान के बाकू शहर के पास कैस्पियन सागर का एरियल व्यू

*रऊफ हाजीयेव ने बताया कि पिछले 5 साल में जलस्तर 0.93 मीटर (3 फीट) गिरा। पिछले 10 साल में 1.5 मीटर की कमी आई। पिछले 30 साल में 2.5 मीटर की गिरावट दर्ज हुई। हर साल जलस्तर 20-30 सेंटीमीटर कम हो रहा है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला जलवायु परिवर्तन जिससेः बढ़ता तापमान और कम बारिश के कारण सागर में पानी का प्रवाह कम हो रहा है। वोल्गा नदी, जो सागर में 80% पानी की आपूर्ति करती है, उसमें भी पानी की मात्रा घटी है। दूसरा, वोल्गा नदी पर बांध। रूस ने वोल्गा नदी पर 40 बांध बनाए हैं। 18 और बन रहे हैं। ये बांध बिजली और सिंचाई के लिए पानी रोक रहे हैं, जिससे सागर तक पानी नहीं पहुंच रहा।*

### अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा

कैस्पियन सागर के सिकुड़ने का सबसे बड़ा असर अजरबैजान की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है, जो तेल और गैस पर निर्भर है। बाकू इंटरनेशनल सी पोर्ट के निदेशक एल्डर सलाखोव ने बताया कि सागर के कम होते जलस्तर के कारण जहाजों को बाकू बंदरगाह में आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इससे तेल शिपमेंट में कमी आई है। लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ गई है, क्योंकि जहाजों की माल ढोने की क्षमता घटी है। बंदरगाहों को गहरा करने के लिए ड्रेजिंग (खुदाई) का काम करना पड़ रहा है।

ट्रंप पर चीन का तंज

# एक देश अपने हितों से दुनिया की शांति को खतरे में डाल रहा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अर्थव्यवस्था को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया है। बीते कुछ महीनों में उसने भारत, चीन, ब्राजील समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए हैं। इसके कारण अब दुनिया की भूराजनीतिक स्थिति के अलावा तमाम समीकरण भी बदलते दिख रहे हैं। लंबे समय से एक-दूसरे के मुकाबले खड़े रहने वाले कई देश भी अब करीब आते दिखे हैं, इनमें सबसे चर्चित हैं भारत और चीन। चीन के उप विदेश मंत्री लियू बिन ने शंघाई सहयोग संगठन की मीटिंग से पहले अमेरिका का नाम लिए बिना ही निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक देश है, जो अपने हितों को दुनिया में सबसे ऊपर रखता है और उसके लिए शांति को खतरे में डाल रहा है। एक देश अपने राष्ट्रीय हितों को दूसरों के हितों से ऊपर रखता है, जिससे वैश्विक शांति को खतरा है। शंघाई सहयोग संगठन में दुनिया के 20 देशों के नेता जुटने वाले हैं।



गौरीघाट में पूजन कर लिखा गया पहला पत्र, स्वामी महेन्द्रानंद महाराज की पहल

# मां नर्मदा को स्वच्छ बनाने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे जाएंगे एक लाख पत्र

**जबलपुर।** मां नर्मदा के अस्तित्व की रक्षा के लिए भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को मां नर्मदा अस्तित्व संरक्षण समिति के नेतृत्व में एक लाख नर्मदा भक्तों के द्वारा नर्मदा में मिल रहे गंदे नालों के दूषित पानी को रोकने के लिए एक लाख आवेदन पत्र भेजे जा रहे हैं। इसका शुभारंभ स्वामी महेंद्रानंद जी की प्रेरणा से सुश्री तेजस्विनी दुबे ने ग्वारीघाट जबलपुर से प्रथम पत्र लेखन करके किया। पत्र लेखन के पूर्व मां नर्मदा का पूजन किया गया। प्रथम पत्र लेखन के अवसर पर स्वामी श्री महेंद्रानंद जी ने उपस्थित नर्मदा भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मां नर्मदा में अमरकंटक से ही गंदे नाले मिलाए जा रहे हैं। अमरकंटक उद्गम से नर्मदा जी से जैसे ही बाहर निकलते हैं वैसे ही 50 फीट की दूरी में उद्गम के ऊपरी भाग के गंदे नाले गायत्री, सावित्री नदियों के साथ नर्मदा में मिल रहे हैं। नर्मदा का पहला घाट रामघाट है, जो अमरकंटक में स्थित है रामघाट का जल अत्यधिक प्रदूषित है। अमरकंटक के सभी होटल घरों आश्रम एवं शिक्षण



संस्थाओं का गंदा दूषित पानी नर्मदा में बिना रोक-टोक के मिलाया जा रहा है। आगे डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, नर्मदा पुरम, ओंकारेश्वर आदि नगरों का दूषित पानी भी मैया नर्मदा में मिल रहा है। मां नर्मदा का प्रदूषण से बचने के लिए गंदे नालों को डाइवर्ट करके विपरीत दिशा में मोड़कर उसे फिल्टर करके नाली के द्वारा बाहर खेतों में भेजा जाए। इस तरह की मांग शासन से की गई। बता दें कि बेटी तेजस्विनी दुबे 5 वर्ष की अल्प आयु से प्रतिदिन हजारों लोगों को नर्मदा तट ग्वारीघाट में महा आरती के अवसर पर नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने की शपथ दिलाती हैं। लगभग 50 लाख लोग अभी तक शपथ ग्रहण कर चुके हैं। जिसमें सामान्य भक्तों के साथ-साथ देश के बड़े-बड़े लोग प्रतिष्ठित समाजसेवी राजनेता व्यापारी जन दिग्गज नेता सम्मिलित हैं।

### हर भक्त पीएम को भेज सकता है पत्र

अब नर्मदा संरक्षण समिति ने बीणा उठाया है कि नर्मदा जी अभिलंब रूप से प्रदूषण से मुक्त हो और उनके अस्तित्व की रक्षा हो जो एक लाख पत्र भेजे जा रहे हैं। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने नर्मदा भक्तों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजने की अपील की है। इस दौरान राम मूर्ति मिश्रा जी ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है वैसे तो जबलपुर नगर में हमारे महापौर जी इस बात के लिए कृत संकल्प है कि नर्मदा जी में किसी प्रकार से प्रदूषण न हो भाजपा शासन नर्मदा जी की अस्तित्व की रक्षा के लिए तत्पर है, परंतु परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं इसलिए हम सब लोगों को मिलकर के प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखना चाहिए। मैं भी आप सबके साथ हूं। और नर्मदा जी की अस्तित्व की रक्षा के लिए हम सब प्रकार से प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पंडित हरकृष्ण पचोरी, पंडित ओंकार दुबे, डेलन यादव, श्री मुकेश ठाकुर, श्री राम प्रकाश शर्मा, श्री मनीष दुबे, श्री विनय चौहान, श्री अतुल विश्वकर्मा, श्री भगवान दास तिवारी, श्री रजनीश गुप्ता, श्री सुरेश ठाकुर, श्री अखिलेश तिवारी, श्री आशुतोष त्रिपाठी, श्री राजा पटेल, श्री सोहत ठाकुर, श्री राकेश विश्वकर्माआदि उपस्थित थे।

# सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित हो रहा है विस्टा-2025

**जबलपुर।** सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर में वार्षिक अंतर-विद्यालयीन प्रतियोगिता "VISTA 2025" का आयोजन 21 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, नवाचार और प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। इसमें जबलपुर डायसिस के विभिन्न कैथोलिक स्कूलों के छात्र भाग ले रहे हैं।




उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिशप रेव. फादर जेराल्ड अल्मेडा (कैथोलिक डायसिस ऑफ जबलपुर) तथा डॉ. फादर डेविस जॉर्ज (वाइसर जनरल, कैथोलिक डायसिस ऑफ जबलपुर) रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से सभी को उत्साहित किया। इस वर्ष कुल 37 विद्यालयों ने इस आयोजन में भाग लिया है, जिनमें जबलपुर के साथ-साथ शहडोल, दमोह, मंडला और डिंडोरी के विद्यालय भी शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में नृत्य, संगीत, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, स्पेल बी, क्विज, साहित्यिक कार्यक्रम, कला एवं सृजनात्मक गतिविधियाँ तथा विशेष प्रतियोगिताएँ जैसे फोटोग्राफी, माइम और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सम्मिलित हैं।

विजेताओं को ट्रॉफी, मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा अंतिम दिन ओवरऑल चैम्पियन स्कूल की घोषणा की जाएगी। विशेष रोलिंग ट्रॉफियों में रेव. बिशप जेराल्ड अल्मेडा चैम्पियन रोलिंग ट्रॉफी एवं डॉ. फादर डेविस जॉर्ज रोलिंग ट्रॉफी प्रमुख हैं।

यह आयोजन फादर थैंकचन जोस (निदेशक, SAIT) के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसमें डॉ. स्मिता श्रीवास्तव (प्राचार्य- इंजीनियरिंग), डॉ. रेनू पांडे (प्राचार्य शिक्षा), अनुप बनर्जी (रजिस्ट्रार) तथा समन्वयक दल में डॉ. श्रीमती वसु शर्मा (कोऑर्डिनेटर), रजनी यादव (सह-कोऑर्डिनेटर), आराधना धनराज, सुश्री दिशा ई. रमतके और सुश्री फिरदोस फातिमा सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। संस्थान का परिसर रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित है, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उमंग का संचार हो रहा है। VISTA 2025 छात्रों को अपनी दृष्टि, प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है, जो शिक्षा एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता को प्रेरित करता है।

# मानव कल्याण जन क्रांति परिषद की विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर।** मानव कल्याण जन क्रांति परिषद की अध्यक्ष डॉ. गीता पांडे के संयोजन में संगठन के पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा कछपुरा गणेश नगर में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एडवोकेट अनिल दुबे ने बताया कि आए दिन कोई ना कोई घोषणा हो जाती है और जैसे की एकदम से घोषणा कर दी गई कि हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं उसके लिए जगह-जगह होर्डिंग लगाना था और जन जागरूकता अभियान चलाना था। पूरे शहर की एवं कॉलोनी की सड़कें उखड़ चुकी हैं लोगों का चलना दूभर हो गया है और आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। सभी ने अपने अपने विचार रखे, संस्था में 20 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की जिससे आने वाले स्थापना दिवस में कार्यक्रम



को और सुचारू रूप से अच्छे से किया जा सके और भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव में सभी को प्रसाद, मिष्ठान, स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे जिसमें यशवंत कोस्टा, इंद्र कुमार कुशवाहा, एडवोकेट अनिल दुबे, विनय डेविड, भरत नामदेव, आदर्श भाटिया, राजकुमार कुशवाहा, ए.के. श्रीवास्तव, सुनील नामदेव, संदीप गौर, दिलीप गोस्वामी, नीलम शर्मा, कविता नामदेव, श्याम सोलंकी, कल्पना गोडेश्वर, वंदना झारिया, धीरज अर्खिल, सुधा तिवारी, विद्या बैरागी, राजेश पांडे, पंकज मेहता, एडवोकेट राजीव वर्मा, वैष्णवी तिवारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन नीलम शर्मा ने किया।

# भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म के प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

**जबलपुर।** लघु काशी पचमठा मंदिर, जबलपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज श्रीधाम वृंदावन के कथा मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन पश्चात श्रीमद् भागवत कथा का चित्रण करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत को श्रवण की नहीं अपितु उसे समझकर आत्मसात करने से मानव जाति का कल्याण होता है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्रीय जनमानस के साथ ही दूरदराज से लोग भागवत कथा को श्रवण करने पहुंचे, कथा व्यास स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब भी इस देव धरा पर आसुरी शक्तियों का आतंक बढ़ा है धर्म की हानि हुई है तब-तब भगवान श्री नारायण ने अवतार लिया और आसुरी एवं अधार्मिक वृत्तियों का नाश करके पुनः धर्म की स्थापना की। महाराज



श्री ने कृष्ण जन्म से लेकर पूतना वध, बकासुर वध, सुदामा से मैत्री, वृंदावन में रासलीला, मटकी फोड़ आदि प्रसंगों का श्रवण कराते हुए कहा कि सच्चा मित्र वही है जो दुख में अपने मित्र के लिए सर्वश्व निछावर करने को तत्पर रहे, रिश्ते-नाते जब आपसी स्नेह, प्रेम व त्याग पर टिके हों तभी सार्थक हैं अन्यथा स्वार्थ भाव उत्पन्न होने पर उन रिश्तों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के सुमधुर भजन पर श्रोतागण खुशी से झूम उठे। ललित अग्रहरि ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन सुरेंद्र, महेंद्र, देवेंद्र विराज तिवारी ने किया। इस अवसर पर स्वामी पगलानंद महाराज का कथा में मंगल प्रवेश हुआ, साथ ही गुरु परिवार के राजेश पटेल, डॉ. अजय फौजदार, अमोल सिंह राजपूत, संध्या-राजकुमार अवस्थी एडवोकेट, नीरजा सुरेंद्र तिवारी, भारती देवेंद्र तिवारी, महेंद्र विराज तिवारी, नीति अभय तिवारी, सीमा नरेंद्र तिवारी, अल्पना राजेंद्र तिवारी, भानु प्रताप सिंह, नीरज गौतम, आशीष कुशवाहा, अभिषेक जायसवाल, आकाश जैन, जवाहर पटेल, जी.के. हांडा एडवोकेट, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, श्रीमती संध्या दुबे, रामवती चौबे, लक्ष्मी लोधी, अंजना सोनी, वंदना फौजदार, अरुणा, सुषमा बसेड़िया के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




# अशोक हॉल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने किया शानदार अभिनय

**जबलपुर।** रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट के बीच अशोक हॉल जूनियर एंड हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने डिजनी की प्रसिद्ध कहानी द लिटिल मरमेड को मंच पर जीवंत कर दिया। यह भव्य कार्यक्रम जबलपुर के मानस भवन में आयोजित हुआ जिसमें नन्हे-मुन्नों से लेकर प्री प्राइमरी तक ने शानदार अभिनय नृत्य और संगीत से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिलाष पांडेय द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया।द लिटिल मरमेड की प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने समुद्र की अद्भुत दुनिया, रंगीन जल जीवन और एरियल की सपनों भरी कहानी को खूबसूरत पोशाक, आकर्षक मंच सज्जा और उत्कृष्ट संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया। साथ ही समुद्र के दृश्य जादुई महल चमचमाती पानी के प्रभाव द्वारा दर्शकों को एक काल्पनिक दुनिया में ले गए, नृत्य नाटिका द्वारा द लिटिल मरमेड की कहानी को बहुत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न नृत्य कंटेंपरेरी हिपहॉप फ्री स्टाइल आदि को बहुत रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। समारोह की मंच सज्जा बहुत आकर्षक थी, मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यही बच्चे हमारे देश का भविष्य और शान हैं उनकी परवरिश एक छोटे पौधे की तरह होनी चाहिए तभी यह हमारे देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम देखकर मुझे लगता है अशोक हॉल स्कूल इन बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं रख रहा है इन्हें यहां बहुआयामी शिक्षा मिल रही है।कार्यक्रम में शाला की संस्थापिका अर्पिता मालपाणी एवं प्राचार्या आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन में समस्त शिक्षकगणों के सहयोग से संपन्न हुआ।




# फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु टिकाऊ एवं पुनर्योजी खेती अपनाने पर जोर

**हरिभूमि, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और एक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट (आसा), भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में टिकाऊ खेती विषय पर 22 से 29 अगस्त तक 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु के मुख्यआतिथ्य, विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित की अध्यक्षता एवं श्री लखन पाटीदार कार्यकम प्रबंधक, आसा, भोपाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. जी.के. कौतु ने प्रशिक्षुओं को कपास, मक्का और धान की उत्पादकता को बढ़ाने पर जोर देते हुये कृषि को टिकाऊ एवं पुनर्योजी तकनीकों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। आपने कहा कि कपास की खेती को टिकाऊ बनाने के लिये पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग कम से कम करना सहित जल का कुशल उपयोग एवं एकीकृत कीट प्रबंधन अपनाना आवश्यक है, ताकि इससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है और किसानों की आय में वृद्धि होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा संज्ञा प्यासी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. बी.एस. द्विवेदी, प्रशिक्षण सह समन्वयक (वैज्ञानिक) द्वारा किया गया।प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र के अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. ए.के. उपाध्याय, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले, डॉ. किरण पटेल डॉ. शैलू यादव, श्रीमति संगीता ठाकुर, श्री मधुकर, श्री विजय झारिया, श्री रविन्द्र कछावे, श्रीमति सोनिका वर्मा, श्री राजकुमार काछी, श्रीमति दीपा यादव सहित विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जनेकृविवि में तृतीय बैच का 8 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ**

# पीपल पीस फाऊंडेशन एवं एनिमल लवर्स संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला




**जबलपुर।** दिल्ली के कुत्तों को शेल्टर में शिफ्ट करने संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में आज जबलपुर के मालवीय चौक में पीपल पीस फाऊंडेशन एवं अन्य एनिमल लवर्स संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला। सभी एनिमल लवर्स संगठनों ने बताया कि जिस प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय ने एक तरफा आदेश देकर मूक जानवर कुत्ते को शेल्टर में स्विफ्ट करने का आदेश दिया, उसका हम सभी घोर विरोध, निंदा करते हैं एवं जब तक इस फरमान को वापस नहीं लिया जाता हम सभी संगठन जबलपुर एवं समस्त जिले प्रदेश में इसका विरोध करते रहेंगे और जल्द ही इस विषय पर सर्वोच्च न्यायालय अपना आदेश नहीं बदलता तो हम सड़कों में उतरकर आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। पीपल पीस फाऊंडेशन की निर्देशिका अमरजीत कौर ने बताया कि एक मूक जानवर कुत्ते जो अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते, बोल नहीं सकते, मदद नहीं मांग सकते, जिसकी आवाज हम सभी एनिमल लवर्स बनकर उठा रहे हैं हम पुनः मांग करते हैं ईश्वर ने जब सृष्टि के निर्माण में सभी को बराबर समझा है, तो इतना भेदभाव एनिमल से क्यों? पीपल पीस फाउंडेशन के सभी सदस्यों के अलावा अन्य संगठनों ने कैंडल जलाकर मार्च निकाला जो मालवी चौक से प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर शहीद स्मारक में संपन्न हुआ।

# देशभर में एक लाख यूनिट रक्त संग्रह कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य

## ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के पुण्य स्मृति दिवस पर विशाल रक्तदान महाअभियान कल

**जबलपुर।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के भंवरताल नेपियर टाउन स्थित शिव स्मृति भवन में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है व इस अवसर पर भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इन्हीं शिविरों की श्रृंखला में जबलपुर में 24 अगस्त (रविवार) को प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य



है।ब्रह्माकुमारीज जबलपुर की संचालिका भावना दीदी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय, विक्टोरिया अस्पताल सहित विभिन्न समाजिक संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा।इस अवसर पर विक्टोरिया अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. एसके पांडे एवं मेडिकल कॉलेज के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। इसे केवल इंसान से इंसान को ही दिया जा सकता है। रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है, आयरन लेवल संतुलित रहता है और हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। दादी प्रकाशमणि की पुण्यस्मृति में आयोजित इस शिविर में शामिल होकर सभी को जीवन बचाने के इस महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहिए। बताया गया कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता तथा रक्तदान से 24-48 घंटों के भीतर शरीर में नया रक्त बनने लगता है।

# नगर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बरेला।** नगरवासी एवं व्यापारी विगत लम्बे समय से नगर में व्याप्त दूषित जल वितरण, साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य राजमार्ग पर अव्यवस्था, आवारा जानवर,गाय, कुत्ते और बंदरों के उत्पात का विरोध प्रकट कर रहे हैं अध्यक्ष आशीष जैन बाबी, महासचिव अमिताभ नामदेव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय पांडे से कहा कि अनेक बार आग्रह करने पर भी कोई साकारात्मक निदान नहीं निकाला गया। संरक्षक अरविन्द तिवारी, सुभाष चौरसिया,विमल जैन ने बढते हुए अपराध पर चिंता जताते हुए कहा कि नगर एवं क्षेत्र में जुआ, सट्टा जिंदाबली, सरेआम लघु उद्योग की तरह चल रही है।चरस अफीम गांजा अवैध शराब का करोबार बढ़ने से चोरी लूट हो रही है और मारपीट,



चाकूबाजी, गोली चलने की घटनाएं आम बात हो गई है। नगर निरीक्षक विजय विश्वकर्मा, ने कहा उचित कार्रवाई कर अपराध पर अंकुश लगाया जायेगा। कोषाध्यक्ष विशाल सोनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन,मोनेश साहू, उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, मुकेश साहू, योगेश दुवे मुखलेश जैन ने महाविद्यालय और स्कूल के सामने चल रही शराब दुकान हटाने तहसीलदार शशांक दुबे से कहा क्योंकि ये नर्मदा पथ भी है। छात्र-छात्राओं पर गलत असर पड रहा है। उपरोक्त मांगों का निराकरण यदि पांच दिवस में नहीं हुआ तो जन सहयोग से बृहद आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी नगर प्रशासन की होगी। इस अवसर पर, अमित जैन, प्रहलाद चौकसे, राजेश केशवानी, आलोक चौकसे, अनिल जैन, बृजेश रजक, संदीप जैन,राजा विश्वकर्मा, महेश साहू, अल्पेश साहू, रजनीश जैन, अनुराग जैन, मोहित जैन, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, ARMY NO. 14659948H RANK HAV NAME AWADHESH KUMAR YADAV S/O HARSH DEV YADAV OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 9042 4326 9237 I, have changed name and date of birth of my DAUGHTER from name ANNU and date of birth 20/12/2006 (name and date of birth as per my Army service records) to ANNU YADAV and date of birth is 29/04/2007 (name and date of birth as per my DAUGHTER, AADHAR CARD vide affidavit dated 22/08/2025 formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME-ANNU YADAV
INCORRECT NAME- ANNU
CORRECT DATE OF BIRTH 29/04/2007
INCORRECT DATE OF BIRTH- 20/12/2006

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, ARMY NO. 14659948H RANK HAV NAME AWADHESH KUMAR YADAV S/O HARSH DEV YADAV OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 9042 4326 9237 I, have changed name and date of birth of my SON from name AYUSH YADAV and date of birth 12/02/2011 (name and date of birth as per my Army service records) to AYUSH KUMAR YADAV and date of birth is 12/02/2012 (name and date of birth as per my SON, AADHAR CARD vide affidavit dated 22/08/2025 formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME
AYUSH KUMAR YADAV
INCORRECT NAME-AYUSH YADAV
CORRECT DATE OF BIRTH 12/02/2012
INCORRECT DATE OF BIRTH 12/02/2011

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 14659948H RANK HAV NAME AWADHESH KUMAR YADAV S/O HARSH DEV YADAV OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 9042 4326 9237 I, have changed name of my SON from ANUJ KUMAR (name as per my Army service records) to ANUJ SINGH YADAV (name as per my SON, AADHAR CARD vide affidavit dated 22/08/2025 formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME
ANUJ SINGH YADAV
INCORRECT NAME
ANUJ KUMAR

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, APARNA GHOSH is legally Mother of No 15712818A Rank NK Name AJAY GHOSH presently, residing at VILL-ARMIA, PO-NOWPARA, TEH-KRISHNANAGAR, DISTT-NADIA (WEST BENGAL)-741140 I, have changed of my name and date of birth from name ARPANA GHOSH and date of birth 20/08/1965 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name APARNA GHOSH and date of birth 01/01/1965 (name and date of birth as per my AADHAR CARD NO. 9990 2225 6847) vide affidavit dated 22/08/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME-APARNA GHOSH
INCORRECT NAME- ARPANA GHOSH
CORRECT DATE OF BIRTH 01/01/1965
INCORRECT DATE OF BIRTH 20/08/1965

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन




# ₹4,250 करोड़ से अधिक के निवेश से कुल 174 किमी लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## लोकार्पण

**CRIF अंतर्गत जबलपुर शहर में दमोह नाका-रानीताल-मदनमहल-मेडिकल रोड फ्लायओवर**
लम्बाई - 6.855 किमी. लागत - ₹ 1232 करोड़

**हिरन-सिंदूर खंड में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य भाग का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH - 45, लम्बाई - 11.96 किमी. लागत - ₹ 178.18 करोड़

**कटनी बायपास का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH - 30, लम्बाई - 19.23 किमी. लागत - ₹ 252.76 करोड़

## शिलान्यास

**अमझर-बरेला रोड (जबलपुर रिंग रोड) का 4-लेन सड़क निर्माण (पैकेज-5)**
लम्बाई - 17.875 किमी. लागत - ₹ 607.36 करोड़

**रीवा बायपास का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH - 30, लम्बाई-19.2 किमी. लागत - ₹ 648.05 करोड़

**सिरमौर से डभौरा खंड का 2 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण**
NH - 135 B, लम्बाई - 37.11 किमी. लागत - ₹ 311.62 करोड़

**मंडला से नैनपुर खंड का 2 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण**
NH - 543, लम्बाई - 46.10 किमी. लागत - ₹ 591.65 करोड़

**रीवा-मैहर-कटनी खंड पर 07 अन्डरपास का निर्माण**
NH-30, लम्बाई-10.50 किमी. लागत- ₹ 206.92 करोड़

**कटनी-जबलपुर-लखनादौन खंड पर 06 फ्लायओवर एवं अन्डरपास का निर्माण**
NH - 30/34 , लम्बाई - 5 किमी. लागत- ₹ 260.36 करोड़

## परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश में वृद्धि, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल और रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- जबलपुर रिंग रोड के पूर्ण होने से शहर में भारी वाहनों के दबाव में कमी एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश
- रीवा एवं कटनी बायपास के चौड़ीकरण से वाराणसी से नागपुर के संपूर्ण खंड पर 4-लेन कनेक्टिविटी
- नौरादेही वन क्षेत्रों में न्यूनतम हस्तक्षेप अधारित विकास कार्यों से वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को मजबूती
- डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जैसे आदिवासी क्षेत्रों का सड़क संपर्क और मजबूत
- चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने से रीवा-जबलपुर और भोपाल-जबलपुर में 20 मिनट की बचत
- कान्हा एवं बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यानों तक पहुंच आसान, पर्यटन को बढ़ावा
- जबलपुर फ्लायओवर से शहर में ट्रैफिक जाम से निजात, समय एवं ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
के द्वारा

एवं

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**शनिवार, 23 अगस्त 2025 । दोपहर 12:00 बजे, महानद्दा, जबलपुर**

CBC 37107/15/0013/2526

## गरिमामयी उपस्थिति

**शिवराज सिंह चौहान** कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री | **ज्योतिरादित्य सिंधिया** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री | **डॉ. वीरेन्द्र कुमार** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री | **अजय टम्टा** राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **सावित्री ठाकुर** राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | **दुर्गादास उइके** राज्य मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय | **जगदीश देवड़ा** उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **राजेन्द्र शुक्ल** उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **प्रहलाद सिंह पटेल** मंत्री, पंचायत और ग्रामीण विकास एवं श्रम मध्य प्रदेश शासन

**राकेश सिंह** मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन | **संपतिया उइके** मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मध्य प्रदेश शासन | **विवेक के. तन्खा** राज्य सभा सदस्य | **सुमित्रा बाल्मीक** राज्य सभा सदस्य | **विष्णु दत्त शर्मा** सांसद, खजुराहो | **डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते** सांसद, मण्डला (अ.ज.जा) | **गणेश सिंह** सांसद, सतना | **जनार्दन मिश्रा** सांसद, रीवा | **आशीष दुबे** सांसद, जबलपुर | **दर्शन सिंह चौधरी** सांसद, होशंगाबाद

## परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

सुशील कुमार तिवारी (इंदु भैया) | डॉ. अभिलाष पाण्डेय | नीरज सिंह ठाकुर | संतोष वरकड़े | दिव्यराज सिंह | योगेंद्र सिंह (बाबा) | प्रणय प्रभात पांडे (गुड्डू भैया) | संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल | श्रीकान्त चतुर्वेदी | डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह
विक्रम सिंह (विक्की) | जगत सिंह बहादुर (महापौर,नगर निगम जबलपुर)

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

रेयर मिनरल्स प्रोसेसिंग कैपिटल का यह कदम क्रांतिकारी साबित होगा

# भोपाल को बनाया जाए खनिजों की रिसर्च प्रोसेसिंग और हाई-वैल्यू उपयोग का केंद्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी भोपाल को 'रेयर मिनरल्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में स्थापित किया जाए। यह मांग 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर और क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने की है। उन्होंने कहाकि यह कदम भोपाल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन एनर्जी और डिफेंस इंडस्ट्री का स्वाभाविक केंद्र बनाएगा और राजधानी की वैश्विक पहचान को और सशक्त करेगा। आईआईटी, आईआईएसईआर और इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड जैसे संस्थानों का सहयोग इस दिशा में क्रांतिकारी साबित होगा।

मीक ने कहा कि रेयर अर्थ एलिमेंट्स की नई खोज मध्यप्रदेश को एक वैश्विक खनिज शक्ति बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवसर है। राजधानी भोपाल को इन खनिजों की रिसर्च, प्रोसेसिंग और हाई-वैल्यू उपयोग का केंद्र बनाया जा सकता है, ताकि राज्य की खनिज संपदा का वास्तविक लाभ देश और प्रदेश को मिल सके। उन्होंने कहाकि सिंगरौली, सागर और प्रदेश के अन्य हिस्सों में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों रेयर अर्थ एलिमेंट का विशाल भंडार मिलने के बाद अब भोपाल राजधानी क्षेत्र को इन खनिजों की रिसर्च, प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन का मुख्यालय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो चुकी है।

### सरकार गंभीरता से विचार कर रही

*खनिज संसाधन विभाग की हाल की उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि आईआईटी धनबाद, भोपाल का आईआईएसईआर और इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड मिलकर 'क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल्स' की खोज और उन्नत प्रयोगशालाओं पर काम करेंगे। साथ ही सरकार भोपाल में "रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" स्थापित करने पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहाकि यह पहल भोपाल को राष्ट्रीय स्तर पर खनिज विज्ञान, हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा तकनीक के वैल्यू-एडेड हब के रूप में स्थापित कर सकती है। राजधानी क्षेत्र में उच्च-स्तरीय संस्थान, मानव संसाधन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद हैं, जिससे इसे एक वैश्विक 'रेयर मिनरल्स प्रोसेसिंग कैपिटल' बनाया जा सकता है।*

बिक्री के लिए 5-5 लाख टन चावल और गेहूं का आवंटन

# अब दोबारा बिकेगा भारत ब्रांड का आटा और चावल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने अपने भारत ब्रांड योजना के अंतर्गत बिक्री के लिए 5 लाख टन चावल तथा 5 लाख टन गेहूं का आवंटित किया है। चावल का बिक्री मूल्य 34 रुपए प्रति किलो तथा इस गेहूं से निर्मित आटे का बिक्री मूल्य 32-33 रुपए प्रति किलो हो सकता है, जबकि पहले आटा का दाम 30 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया था।

इसका कारण यह बताया गया है कि पिछले साल गेहूं की खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की गई थी , जबकि चालू वर्ष के दौरान 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हुई। जहां तक चावल का सवाल है तो इसका पुराना स्टॉक ही बेचा जाएगा। इसलिए इसके बिक्री मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पहले भारत आटा में सोयामील के मिश्रण का प्लान बनाया गया था मगर अब इसे स्थगित कर दिया गया है। पुराने आवंटित कोटे की बिक्री होने के बाद जून में भारत ब्रांड के तहत चावल और आटा की बिक्री बंद कर दी गई थी, लेकिन अब इसे दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है ताकि त्यौहारी सीजन के दौरान आम उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिल सके। भारत आटा की बिक्री सर्वप्रथम 6 नवंबर 2023 से आरंभ हुई थी जबकि 6 फरवरी 2024 से भारत ब्रांड चावल की बिक्री भी शुरू कर दी गई।

### सरकार चावल-आटा की खुदरा मांग पर नजर रखेगी

*आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ब्रांड के अंतर्गत अभी तक करीब 19 लाख टन गेहूं एवं लगभग 18 लाख टन चावल का आवंटन एवं विपणन हो चुका है। वरिष्ठ आधिकारिक के अनुसार आगे यदि आवश्यकता पड़ी तो गेहूं एवं चावल का अतिरिक्त कोटा आवंटित किया जा सकता है। फिलहाल महंगाई दर नीचे है और इसलिए खाद्यान्न का कोटा गत वर्ष के मुकाबले काफी छोटा रखा गया है। सरकार चावल-आटा की खुदरा मांग पर नजर रखेगी और इसके अनुरूप जरूरत पड़ने पर ज्यादा स्टॉक आवंटित करने का निर्णय लेगी।*

### तीन सरकारी एजेंसियां करेंगी भारत ब्रांड की बिक्री


*तीन सरकारी एजेंसिया- केंद्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नैफेड) तथा राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) के बीच चावल तथा गेहूं के इस आवंटित कोटे का वितरण किया जाएगा। ये एजेंसियां चावल की तो सीधी बिक्री करेंगी, लेकिन गेहूं की पहले मिलिंग एवं पैकिंग करवाएंगी और फिर उससे निर्मित आटे की बिक्री करेंगी।*

# सोना 250 रुपए टूटा, चांदी में 1,000 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 150 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सराफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,330.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# टोल संचालकों को तीन महीने तक मिलेगा मुआवज़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



15 अगस्त से निजी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए फास्टैग वार्षिक पास शुरू होने के कारण उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह में अंतर के लिए राजमार्ग टोल प्लाजा संचालकों को एनएचएआई से तीन महीने तक मुआवज़ा मिलेगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक परिपत्र में कहा कि 15 अगस्त से कार/वैन/जीप के लिए वार्षिक पास के कार्यान्वयन के क्रम में, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों के लिए एक समान मुआवज़ा तंत्र अपनाने का निर्णय लिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 72,931 करोड़ रुपये टोल से एकत्र किए।

इस सरकारी एजेंसी ने कहा, ''यह व्यवस्था मौजूदा अनुबंधों के साथ-साथ अगले तीन महीनों में आमंत्रित बोलियों के लिए भी लागू होगी। तीन महीने बाद, यानी जब प्रत्येक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास उपयोग की जानकारी उपलब्ध होगी, बोलीदाताओं को बोली दस्तावेज़ में इन वार्षिक पास के आंकड़ों के बारे में सूचित किया जाएगा और उन्हें वार्षिक पास के लिए उचित रूप से बोली लगाने के लिए कहा जाएगा और उसके बाद कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा।''

एनएचएआई ने बताया कि वार्षिक पास योजना के तहत टोल प्लाजा से गुजरने वाली कारों/वैन/जीप (गैर-व्यावसायिक वाहनों) की संख्या एनपीसीआई द्वारा आईएचएमसीएल के माध्यम से उपलब्ध कराए गए वास्तविक लेनदेन के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

फास्टैग वार्षिक पास, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल संग्रह बूथ पर लागू है, जिससे उपयोगकर्ता 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान पर एक वर्ष में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। इस सुविधा को देश भर के राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।

### पास सभी गैर वाणिज्यिक वाहनों के लिए लागू

यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए लागू है और राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई वेबसाइट का उपयोग करके एकमुश्त भुगतान के दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है।

## ओला इलेक्ट्रिक को मिली राशि आवंटन की मंजूरी



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये जुटाई गई धनराशि को फिर से आवंटित करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे कंपनी को अपने अगले चरण की वृद्धि के लिए पूंजी मिल सकेगी और उसकी वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी।ओला इलेक्ट्रिक ने शुक्रवार को 2024 में शेयर बाजार में सूचिबद्ध होने के बाद अपनी पहली सालाना आम बैठक आयोजित की। कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, 99 प्रतिशत शेयरधारकों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जो निवेशकों के भरोसे और कंपनी की दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि इस कदम से निकट भविष्य में कंपनी के कारोबार की वृद्धि के लिए जरूरी धन की पूरी व्यवस्था हो जाएगी।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर

# 5100 छात्रों के सपनों को लगेंगे रिलायंस फाउंडेशन की स्कॉलरशिप के पंख

एजेंसी ▶▶ मुंबई




रिलायंस फाउंडेशन की वार्षिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन एक बार फिर खुल गए हैं। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए रिलायंस फाउंडेश 5100 छात्रों को स्कॉलरशिप यानी छात्रवृत्ति देगी। स्कॉलरशिप के लिए केवल प्रथम वर्ष के रेगुलर स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र आवेदन कर सकते हैं। उच्च शिक्षा के लिए भारत की इस सबसे बड़ी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अक्तूबर 2025 तय की गई है। बताते चलें कि 2022 में रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने धीरूभाई अंबानी की 90वीं जयंती पर 10 वर्षों में 50,000 छात्रवृत्तियां देने की घोषणा की थी। रिलायंस फाउंडेशन स्नातक स्तर पर 5,000 छात्रों और स्नातकोत्तर छात्रों को 100 स्कॉलरशिप देगा। स्नातकों को 2 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। छात्रवृत्ति के लिए छात्रों का चुनाव उनकी शैक्षणिक योग्यता और आर्थिक स्थिति के आधार पर होगा। दूसरी तरफ स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, एनर्जी और जीवन विज्ञान के चुनिंदा क्षेत्रों में भारत के 100 सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगी। राष्ट्रीय विकास और वैश्विक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एडवांस स्टडीज़ और रिसर्च के लिए छात्रों को 6 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य भविष्य के लीडर्स की एक ऐसी टोली खड़ी करना है, जो समाज, पर्यावरण और डिजिटल सोच रखने वाली हो और भारत के लिए कुछ बड़ा सोच सकें।

# शेयर बाजार में छह दिन की तेजी पर रोक, सेंसेक्स 694 अंक लुढ़का



**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 694 अंक और निफ्टी में 214 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी धारणा पर असर पड़ा। निवेशकों का ध्यान जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के आगामी बयानों पर बना रहा। सेंसेक्स 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 708.94 अंक गिरकर 81,291.77 अंक पर आ गया था। निफ्टी 213.65 अंक गिरकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ।

# ई-स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज की उपलब्धता के कारण उत्पन्न बाधाओं को दूर करने के बाद सभी डीलरशिप पर अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू करने की शुक्रवार को जानकारी दी।

■ **दुर्लभ खनिज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित : बजाज ऑटो**

बजाज ऑटो ने बयान में कहा कि हाल के सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय कलपुर्जों की उपलब्धता से जुड़ी अस्थायी आपूर्ति बाधाओं के कारण आपूर्ति में कमी आई थी। चेतक की निरंतर एवं बढ़ती मांग ने आपूर्ति पर और दबाव बढ़ा दिया। उत्पादन और निर्यात 20 अगस्त को पुनः शुरू हो गया, जिससे अपेक्षा से अधिक तेजी से वापसी हुई। दुर्लभ खनिज (चुंबक) और अन्य प्रमुख सामग्रियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है।

*चीन के प्रतिबंध लगाने से प्रभावित हुआ उद्योग : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क युद्ध के मद्देनजर इलेक्ट्रिक वाहनों के एक प्रमुख घटक दुर्लभ खनिज (चुंबक) के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से भारत सहित वैश्विक वाहन विनिर्माता प्रभावित हुए हैं।*

### फिटनेस आइकन से सेंटर फॉर साइट का करार

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर भारत के अग्रणी सुपर-स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल नेटवर्क सेंटर फॉर साइट ने उम्र से संबंधित नेत्र रोगों में समय पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। डायरेक्टर डॉ. महिपाल एस. सचदेव ने कहाकि आंखों का स्वास्थ्य बुढ़ापे में गरिमा, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को परिभाषित करता है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :-9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितंबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**


ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की

# लॉर्ड पॉल उद्यमिता व परोपकार की विरासत छोड़ गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल के पिता बाल्टियों और अन्य कृषि उपकरणों सहित इस्पात के सामान बनाने के लिए एक छोटा सा ढलाईखाना चलाते थे। लॉर्ड पॉल ने इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की जो एक विविध व्यवसाय इकाई है। यह मुख्य रूप से मूल्यवर्धित इस्पात और विशिष्ट इंजीनियरिंग उत्पादों के डिजाइन, निर्माण, विपणन एवं वितरण में लगी है। अमेरिका से अपनी एमआईटी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौट आए और अपने पारिवारिक व्यवसाय एपीजे सुरेंद्र ग्रुप (जो भारत के सबसे पुराने व्यापारिक समूहों में से एक है) में शामिल हो गए।

*धर्मार्थ ट्रस्ट व अंबिका फाउंडेशन की स्थापना की : 1966 में अपनी बेटी अंबिका का 'ल्यूकेमिया' का इलाज कराने के लिए वह ब्रिटेन गए। दुर्भाग्यवश चार साल की उम्र में उनकी बेटी का निधन हो गया। बाद में उन्होंने एक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की, जिसने शिक्षा एवं स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से दुनिया भर में बच्चों एवं युवाओं के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लाखों रुपये दान किए।*



### 80 के दशक में कंपनियों का किया आक्रामक अधिग्रहण

भारतीय व्यापार परिदृश्य में, लॉर्ड पॉल को 80 के दशक के आरंभ में एस्कॉर्ट्स ग्रुप और डीसीएम ग्रुप पर कब्जा करने के उनके आक्रामक प्रयासों के लिए भी याद किया जाता है, जिसके लिए कानूनी लड़ाई के बाद तत्कालीन सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ी थी। वह वार्षिक 'संडे टाइम्स रिच लिस्ट' में नियमित रूप से शामिल रहते थे। इस वर्ष उन्हें 81वें स्थान पर रखा गया था। उनकी अनुमानित संपत्ति दो अरब जीबीपी (ग्रेट ब्रिटिश पाउंड) थी।


### कई देशों में फैलाया कारोबार

लॉर्ड पॉल ने 1968 में लंदन में मुख्यालय के साथ कपारो की नींव रखी और यह कंपनी आगे चलकर ब्रिटेन की सबसे बड़ी इस्पात रूपांतरण और वितरण कंपनियों में से एक बन गई। आज इसका संचालन ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात में है। इसका कारोबार एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पॉल के बेटे आकाश पॉल कपारो इंडिया के चेयरमैन एवं कपारो समूह के निदेशक हैं।

### बेटे ने कहा, मैंने पिता से डिग्री प्राप्त की

लंदन जू में बीते दिनों आयोजित समारोह में पत्नी निशा और बेटे आरुष के साथ आए आकाश पॉल ने कहा, " शायद मैं अपने पिता से डिग्री प्राप्त करने वाला एकमात्र स्नातक हूं, जिसे विश्वविद्यालय बोर्ड द्वारा स्वतंत्र रूप से अनुमोदित किया गया है।"


## राशिफल


**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।



**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।



**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।



**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे



**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च



**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5966



**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -5965 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष्य | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5976

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5975 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# महिला वर्ल्ड कप : चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी मैचों की मेजबानी, नवी मुंबई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है। नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई में होगा उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और फाइनल




### कार्यक्रम में हुआ बदलाव

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा, 'हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

### स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है।



### केएससीए नहीं कर पाए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया, जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल कोलंबो

कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़

**कोलकाता।** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपए थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपए कर दी गई है। 23 जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची।

### डीपीएलः वेस्ट दिल्ली लायंस की शानदार जीत



**नई दिल्ली।** अनिरुद्ध चौधरी ने आखिरी ओवर में सात रन का अच्छी तरह से बचाव करके वेस्ट दिल्ली लायंस को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर तीन रन से रोमांचक जीत दिलाई। किंग्स के सामने 179 रन का लक्ष्य था और वह इसे हासिल करने की तरफ आसानी से बढ़ रहा था। उसे अंतिम ओवर में सिर्फ सात रन चाहिए थे, लेकिन चौधरी ने केवल तीन रन दिए और कप्तान जोंटी सिद्धू (41 गेंदों पर 56 रन) को आउट कर लायंस को यादगार जीत दिलाई। चौधरी ने तीन ओवर में 24 रन लेकर एक विकेट लिया लेकिन उनका अंतिम ओवर निर्णायक साबित हुआ।

### न्यूलैंड्स में होगा एसए20 का फाइनल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग एसए20 के आगामी सत्र का फाइनल मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स में होगा, जिसमें डरबन, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग जैसे स्थानों पर प्लेऑफ के अहम मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। लीग का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा। डरबन एसए20 में पहली बार किसी प्लेऑफ मैच की मेजबानी करेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें 21 जनवरी को क्वालीफायर एक में आमने-सामने होंगी। हाईवेल्ड क्षेत्र दो महत्वपूर्ण प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर और जोहानिसबर्ग के वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालीफायर दो के मैच शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ने खेली बेहतरीन अर्धशतकीय पारी

# ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार लगाए 4 अर्धशतक, बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंद में 88 रनों की दमदार पारी खेली। इसके साथ ही ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

दरअसल मैथ्यू ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार वनडे में लगातार 4 अर्धशतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वनडे क्रिकेट में ऐसा करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रीट्जके के नाम वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### ब्रीट्जके की वनडे क्रिकेट में शानदार शुरुआत

मैथ्यू ब्रीट्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। उस मैच में मैथ्यू ने 150 रनों की पारी खेली थी। यह वनडे डेब्यू पर खेली गई किसी भी प्लेयर की सबसे बड़ी पारी है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर उन्होंने 83 रनों की पारी खेली। वहीं अब ब्रीट्जके ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन बनाए। इसके बाद दूसरे वनडे में 88 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। ब्रीट्जके वनडे इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जिसने अपने शुरुआती चारों वनडे मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।




### सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने किया कब्जा

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 98 रनों से जीता था। अब दूसरा वनडे जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। ब्रीट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 193 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरा मैच 84 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एंगिडी ने 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। लेकिन दूसरे छोर से ज्यादा साथ नहीं मिला, जिसकी वजह से वो टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे।

### पहले 4 में ब्रीट्जके के नाम सबसे ज्यादा रन

वनडे क्रिकेट में ब्रीट्जके ने धमाकेदार शुरुआत की है। ब्रीट्जके वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया है। ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार मैच में 378 रन बना दिए। इस मामले में उन्होंने अपने ही देश के सीनियर खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा है। टेम्बा ने अपने पहले चार वनडे मैच में 280 रन बनाए थे। इसके अलावा एलन लैम्ब 279 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि निक नाइट ने 277 रन बनाए थे।

### पहले चार वनडे में सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| मैथ्यू ब्रीट्जके | 378 |
| टेम्बा बावुमा | 280 |
| एलन लैम्ब | 279 |
| निक नाइट | 277 |
| टॉम कूपर | 273 |

वहीं मैथ्यू ब्रीट्जके के की पहली चार वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने अपने वनडे डेब्यू में ही रिकॉर्ड बना दिया था। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद अपने दूसरे मैच पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 83 रनों की पारी खेली थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 57 और अपने चौथे मैच में उन्होंने 88 रनों की पारी खेली है।

मंगाए 6 आवेदन

# बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी में नए लोगों की होगी भर्ती

दो पुरुष और चार महिला चयनकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

### प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है। हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किन चयनकर्ताओं को बदला जाएगा, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### श्यामा को रखा जाएगा समिति में बरकरार

बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान चयन समिति में नीतू डेविड (अध्यक्ष), रेणु मार्ग्रेट, आरती वैद्य, कल्पना वेंकटचार और श्यामा डे साव शामिल हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि साव ही एकमात्र ऐसी सदस्य हैं, जिन्हें समिति में बरकरार रखा जाएगा। वर्तमान समिति ने मंगलवार को वनडे विश्व कप के लिए टीम का चयन किया था। वनडे विश्व कप अगले महीने से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। सभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है।

मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट

# अय्यर ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| मुंबई

अरविंद अय्यर ने आठ दौर में सात अंक हासिल कर दर्श शेट्टी को पछाड़ते देते हुए ऑल इंडिया शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट जीत लिया। हालांकि अय्यर और शेट्टी दोनों ने सात-सात अंक बनाए थे।

लेकिन अय्यर ने 'सुपर बुचोल्ज टाई-ब्रेक' में चैंपियनशिप जीत ली। शेट्टी उपविजेता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में महिला कैंडिडेट मास्टर कृति मयूर पटेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि रेया बैंकर और प्रदीपा जयपाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 'वेटरंस' वर्ग में विनोद चतुर्वेदी पहले स्थान पर रहे। उनके बाद गुरु प्रसाद पाटिल और अशोक गोविंदराव पाटिल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा और अरोनियन का नंबर आता है, जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

सिंकफील्ड कप




गौहर ने 2008 में किया था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण

# स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

### वनडे में 19.39 की औसत से लिए 66 विकेट



सुल्ताना ने संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई।' उन्होंने कहा, 'हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की।' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए। उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं।

# जबलपुर बना रोलर स्केटिंग का चैंपियन संभागीय प्रतियोगिता में मारी बाज़ी

**जबलपुर।** छिंदवाड़ा में आयोजित संभागीय साले स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जबलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह सफलता कोच रवीना पटेल और प्रशांत बेनिफिट के कुशल मार्गदर्शन में संभव हुई, जिन्होंने खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रशिक्षण दिया, बल्कि उन्हें हर मोड़ पर प्रोत्साहित भी किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि दिनेश कुमार गौड़ और आभा साहू के प्रबंधन में भेजी गई टीम ने अनुशासन और उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जबलपुर का नाम रोशन किया। उन्होंने कोच और टीम प्रबंधकों को इस उपलब्धि के लिए



हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में जबलपुर की ओर से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। 11 वर्ष आयु वर्ग में रुद्र सिंह, अर्णव जैन, कबीर गौर, अयांश सिंह, पवित्र कोरी, समर वीर, माधव शर्मा, कनिष्क राय, जियान वीर, नक्श अग्रवाल, भूमि तिवारी, अनन्य पटेल, जोहान कुजूर, अव्य गुप्ता, अमरोह लोबो, अलंकृत पॉल, अनायसा खरे, सार्धिका वैष्णव और परिधि शुक्ला ने भाग लिया। 14 वर्ष आयु वर्ग में अरुणोदय राय, विनायक मेथी, नमन चौधरी, हावी साहू, विवान ठाकुर, सर्वदय उपाध्याय, हितार्थ जैन, मोहम्मद जैड, आशुतोष कुर्मी, वीर पटेल, यति तिवारी, तनीशी अग्रवाल, अवनी सोनकर, अक्षिता पाशी, आदिश्रीश, आरुषि वन्दे, आराध्य बनर्जी, ख्याति जोटवानी और तनीषा चौरागढ़ ने भाग लिया। 17 वर्ष आयु वर्ग में मोहिनूर,अनुषा प्रकाश,कीर्ति अहिरवार,प्रत्यूषा प्रकाश, ध्रुवीत गिरी ने बाजी मारी।19वर्ष आयु वर्ग में मोहम्मद सूफियाना,रफत अंसारी,आस्था साहू ने पदक जीते।

स्टीव थॉमस ने बनाया रिकॉर्ड

# किराक हैदराबाद बना प्रो पंजा लीग सीज़न 2 का चैंपियन



**ग्वालियर।** 17 दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद किराक हैदराबाद ने प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीत लिया है। 21 अगस्त को ग्वालियर में खेले गए फाइनल में किराक हैदराबाद ने रोहतक रौडीज को 30-18 से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस जीत के साथ टीम ने न केवल प्रतिष्ठा हासिल की, बल्कि 20 लाख रुपए की इनामी राशि भी अपने नाम की।

मैच के सबसे आकर्षक क्षण में स्टीव थॉमस ने दीपांकर मेच को केवल 0.09 सेकंड में पिन कर टूर्नामेंट का सबसे तेज पिन का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने सचिन गोयल के 0.10 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सतनाम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया। निर्मल देवी को 'प्लेयर ऑफ द डे' और स्टीव थॉमस को 'बादशाहों का बादशाह' खिताब से नवाजा गया। इस सीजन में पिछली बार उपविजेता रही किराक हैदराबाद ने इस बार एक भी मौका नहीं गंवाया और पूरे टूर्नामेंट में अंकतालिका में शीर्ष पर रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

किराक हैदराबाद ने फाइनल की शुरुआत से ही पकड़ बना ली। अविलिये जुयी, नवीन एमबी, रचना जाटव और आस्कर अली ने क्रमशः 90 किग्रा, 60 किग्रा, 55 किग्रा और 80 किग्रा मुकाबलों में 2-0 से जीत दर्ज कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। रोहतक रौडीज़ की ओर से श्रीनिवास बीवी, निर्मल देवी और आभास राणा ने शानदार जीत दर्ज कर मुकाबले को रोमांचक बनाया। लेकिन माधुरा केएन और स्टीव थॉमस की दमदार जीत ने हैदराबाद को ट्रॉफी दिला दी। समापन समारोह में परविन दबास, प्रीति झांगियानी, विजेंदर सिंह, सौरव गुर्जर, डॉ. एनडी बत्रा और अन्य खेल हस्तियों ने शिरकत की। विजेंदर सिंह ने बतौर टीम एंबेसडर रोहतक रौडीज़ का समर्थन किया।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की मजबूत वापसी

**ब्रिस्बेन।** मध्यक्रम की बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की जुझारू पारी खेली जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ए ने एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इसके बाद भारत ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ए के 158 रन तक पांच विकेट झटक लिए थे। भारत ए की टीम बारिश से प्रभावित पहले दिन पांच विकेट पर 93 रन बनाकर मुश्किल में थी। लेकिन बिष्ट ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए राधा यादव (33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने मीनू मणि (28 रन) के साथ 75 रन की साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला।

# प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण आज




## जबलपुर के लिए ऐतिहासिक दिन

## केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे

*आज का दिन जबलपुर शहर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। वर्षों की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद जबलपुर को वह तोहफा मिलने जा रहा है, जिसका सपना हर शहरवासी ने देखा था। लगभग 1052 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 6.85 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर अब पूरी तरह बनकर तैयार है, और इसका भव्य लोकार्पण आज 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे महानद्दा के समीप किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनके साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अजय विश्नोई, अभिलाष पांडे, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे।*

हरिभूमि जबलपुर।

यह फ्लाईओवर मध्यप्रदेश का सबसे लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों से सजाया गया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है 192 मीटर लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज, जो इसकी सुंदरता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। इसके साथ तीन बो-स्ट्रिंग ब्रिज भी बनाए गए हैं, जो इस पूरे प्रोजेक्ट को एक अलग पहचान देते हैं।

### जाम से मुक्ति, समय और ईंधन की बचत

इस फ्लाईओवर के शुरू होने से शहरवासियों को लंबे समय से लगने वाले ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। जहां पहले दमोहनाका से मदनमहल तक की दूरी तय करने में 45 मिनट लगते थे, अब यह सफर सिर्फ 7 मिनट में पूरा होगा। इससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि वायु प्रदूषण भी घटेगा।

### हरियाली और सौंदर्य का भी रखा गया ध्यान

परियोजना में 50 हजार पौधों का रोपण कर फ्लाईओवर को हरित स्वरूप दिया गया है। इसके अलावा, दस स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड और बारह जगह डिजिटल सिग्नल लगाए गए हैं, जिससे यातायात व्यवस्था और रात का दृश्य और भी बेहतर हो जाएगा।

### जनता के लिए खुले मनोरंजन और स्वास्थ्य केंद्र

फ्लाईओवर के नीचे खाली स्थान को उपयोगी बनाते हुए बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम और पार्क विकसित किए गए हैं, जो स्थानीय नागरिकों के लिए मनोरंजन और फिटनेस का नया केंद्र बनेंगे।

### दो दशक का सपना हुआ साकार

करीब 20 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और तकनीकी चुनौतियों के बावजूद यह परियोजना आखिरकार पूरी हो गई है। यह न केवल ट्रैफिक समस्या का समाधान है, बल्कि जबलपुर की विकास गाथा में एक नया अध्याय भी जोड़ता है।

---

कभी धूप, कभी छावं के बीच छाएं बादल

## रुक-रुककर होती रही बारिश



**जबलपुर।** भादों के महीनें में रुक रुककर बारिश हो रही है लेकिन फिर भी उमस पीछा नहीं छोड़ रही है। शुक्रवार को पल पल मौसम के मिजाज बदले कभी धूप निकली तो कभी बादल छाएं तो कभी बारिश होने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे। शुक्रवार को भी आधे शहर में बारिश हुई और आधा शहर सूखा रहा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़ीसा से आया चक्रवात पश्चिम मध्यप्रदेश की ओर सरक गया है। इसलिए पूर्वी मध्यप्रदेश में जोरदार वर्षा की संभावना फिलहाल टल गई है। शहर और आसपास हवा में नमी बढ़ने से और उमस के कारण लोकल बादल तैयार हो जाते हैं, जो कहीं गरजते हैं, और कहीं बरस जाते हैं। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य रहा और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.50 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.36 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 08.09 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 882.3 मिमी (लगभग 34.7 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 1009.3 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिम हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 48 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी का आगमन आज

**जबलपुर।** केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का शनिवार 23 अगस्त को सुबह 11.25 बजे विशेष विमान द्वारा नागपुर से जबलपुर आगमन होगा। श्री गडकरी सुबह 11.30 बजे डुमना एयरपोर्ट से कार द्वारा मदनमहल प्रस्थान करेंगे तथा यहाँ दोपहर 12 बजे मदनमहल-दमोहनाका फ्लाईओवर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी दोपहर 1.30 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर दोपहर 1.40 बजे लोक निर्माण मंत्री से राकेश सिंह के साउथ सिविल लाइन स्थित निवास पहुँचेंगे तथा दोपहर 2.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक सिविक सेंटर स्थित विशंभर भवन में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शाम 4 बजे विशेष विमान द्वारा डुमना एयरपोर्ट से नागपुर प्रस्थान करेंगे।

मृतकों की शिनाख्त, हत्या या आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

### चुन्नी से बंधा मिला युवक व किशोरी का शव

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम गोपालपुर में एक फार्म हाउस के पीछे नर्मदा नदी में एक किशोरी व एक युवक का शव उतराता मिला। जिनके हाथ एक चुन्नी से बंधे हुए थे. दोनों के शव विक्षत हो चुके थे। यह सामान्य डूबने का मामला नहीं माना जा रहा है. मृतकों की शिनाख्त हो चुकी है। पुलिस का मानना है कि यह मामला या तो किसी प्रेम प्रसंग से जुड़ा ऑनर किलिंग का है, जिसमें दोनों की हत्या कर शवों को नदी में फेंका गया, या फिर यह आत्महत्या हो सकती है। पुलिस हर एंगल से मर्ग कायम कर जांच कर रही है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोपालपुर में नितिन शर्मा के फार्म हाउस के पीछे गुरुवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे नर्मदा नदी में जमुनिया सिंह का बाड़ा गुरूद्वारा के पीछे गोरखपुर निवासी 19 वर्षीय ईशांत स्टीफन फेरियर और 17 वर्षिय किशोरी का शव उतराता मिला। पुलिस ने दोनों शवों को पानी से बाहर निकाला। पुरूष के मुंह, चेहरा को जलीय जीव खा लिये है। युवती का चेहरा छत-विक्षत है सिर के बाल नहीं है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।




## किसानों को होगा 10-10 बोरी यूरिया का वितरण

*कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश*



**जबलपुर।** जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है। किसानों की आवश्यकता के अनुरूप यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया गया है। जबलपुर को यूरिया की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं। जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुये कलेक्टर दीपक सक्सेना ने वितरण केंद्रों से प्रत्येक किसान को दस बोरी यूरिया उपलब्ध कराने के निर्देश कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों दिये हैं।

उप संचालक कृषि डॉ निगम ने बताया कि कलेक्टर श्री सक्सेना के निर्देशानुसार डबल लॉक केंद्रों से किसानों को आज शुक्रवार से ही पांच-पांच बोरी के स्थान पर दस-दस बोरी यूरिया का वितरण प्रारंभ किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि आज शुक्रवार को कृभको की जबलपुर पहुँची रैक से जिले को 490 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुई है। इसे सभी डबल लॉक केंद्रों को पहुंचाया जा रहा है। जबकि 207 मीट्रिक टन यूरिया पहले से ही डबल लॉक केंद्रों में उपलब्ध है। उप संचालक डॉ निगम के मुताबिक शनिवार 23 अगस्त को भी ब्रह्मपुत्र फर्टिलाइजर्स की यूरिया की एक और रैक जबलपुर को मिलने जा रही है। जिले को यूरिया की खेप लगातार प्राप्त होती रहेगी।




*हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, उच्च स्तरीय जाति जांच समिति व बिसेन को जारी किए नोटिस*

### पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन के जाति प्रमाणपत्र के संबंध में शिकायत की जांच क्यों नहीं की गई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सरकार व उच्च स्तरीय जाति जांच समिति से पूछा है कि पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाणपत्र के संबंध में शिकायत की जांच क्यों नहीं की गई। जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने एक अवमानना याचिका पर राज्य शासन, उच्च स्तरीय जाति जांच समिति, आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गौरी शंकर बिसेन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। बालाघाट के लांजी से पूर्व विधायक किशोर समरीते की ओर से याचिका दायर की गई।अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे व अभिमन्यु चौहान ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2020 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। उसकी जांच होनी चाहिए। इस संबंध में हाईकोर्ट ने 20 नवंबर 2023 को याचिकाकर्ता को कहा था कि वे इस संबंध में उच्च स्तरीय जाति जांच समिति भोपाल के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करें। हाईकोर्ट ने समिति को शिकायत पर 3 माह के भीतर जांच कर निर्णय पारित करने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता ने समिति के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। दलील दी गई कि दो वर्ष बाद भी समिति ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जोकि अदालत के आदेश का उल्लंघन है। इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

### पमरे से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं में विस्तार

**जबलपुर।** यात्रियों की मांग को देखते हुए और आगामी त्यौहारों एवं रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्धयेश्य से रेल प्रशासन ने चल रही स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि को विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की विस्तारित अवधि का विवरण निम्नानुसार हैं। ट्रेन संख्या 07315 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जंक्शन.मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल, जो 25 अगस्त तक अधिसूचित है, अब दिनांक 1 सितंबर से 22 दिसंबर तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240